



# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर शुक्रवार 28 नवंबर 2025




**केंद्रीय गृह मंत्री शाह का सीएम साय ने किया आत्मीय स्वागत**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह गुरुवार रात को रायपुर पहुंचे। श्री शाह के रायपुर आगमन पर स्वामी विवेकानंद विमानतल पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आत्मीय स्वागत किया।

**2014 के बाद सम्मेलन के स्वरूप में निरंतर सुधार**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस वार्षिक सम्मेलन में लगातार गहरी रुचि लेते रहे हैं। उनके मार्गदर्शन में बिजनेस सेशंस, ब्रेकआउट इंटरैक्शंस और थीमेटिक डाइनिंग टेबल डिस्कशन जैसे नवाचार शामिल किए गए हैं। ▶▶| शेष पेज 9 पर

# देशभर के पुलिस प्रमुख छग में, आज से डीजीपी कॉन्फ्रेंस, मोदी-शाह होंगे शामिल

## पुलिस महानिदेशक और आईजी हिस्सा लेंगे, 'सुरक्षित भारत' बनाने तैयार होगा रोडमैप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खास खबर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 29-30 नवंबर को रायपुर स्थित भारतीय प्रबंधन संस्थान में आयोजित होने वाले डीजीपी, आईजीपी ऑल इंडिया कॉन्फ्रेंस की 60वीं ऑल इंडिया कांफ्रेंस में शामिल होंगे। यह तीन दिवसीय सम्मेलन 28 से 30 नवंबर तक चलेगा। डायरेक्टर जनरल और इंस्पेक्टर जनरल के सम्मेलन में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, एनएसए अजीत डोभाल और देशभर के शीर्ष पुलिस और सुरक्षा अधिकारी शामिल होंगे। इस बार सम्मेलन का थीम 'विकसित भारत : सुरक्षा आयाम' रखा गया है। इसका उद्देश्य अब तक विभिन्न पुलिसिंग चुनौतियों से निपटने में हासिल प्रगति की समीक्षा करना और 'सुरक्षित भारत' के निर्माण के लिए भविष्य की दिशा तय करना है।

सम्मेलन में वामपंथी उग्रवाद, काउंटर टेररिज्म, आपदा प्रबंधन, महिलाओं की सुरक्षा, तथा फोरेंसिक साइंस और एआई के उपयोग जैसे महत्वपूर्ण सुरक्षा मुद्दों पर विस्तृत चर्चा होगी। प्रधानमंत्री सम्मेलन के दौरान विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति के पुलिस पदक भी प्रदान करेंगे।

### शीर्ष पुलिस अधिकारियों के लिए महत्वपूर्ण मंच

यह सम्मेलन वरिष्ठ पुलिस नेतृत्व और सुरक्षा प्रशासकों को राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े विविध मुद्दों पर खुलकर चर्चा करने का महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है। इसमें अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था बनाए रखने, आंतरिक सुरक्षा चुनौतियों से निपटने, पुलिस ढांचे और कर्मचारियों से जुड़ी समस्याओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा।



*वीवीआईपी के आगमन से पूर्व गुरुवार को हुआ पूर्वाभ्यास*

### ये वरिष्ठ अधिकारी रहेंगे उपस्थित

सम्मेलन में केंद्रीय गृहमंत्री, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, गृह राज्यमंत्री, सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों के डीजीपी तथा केंद्रीय पुलिस संगठनों के प्रमुख शामिल होंगे। इस बार नई और नवाचारपूर्ण सोच को जोड़ने के उद्देश्य से राज्यों, केंद्र शासित प्रदेश के गृह विभाग प्रमुख और डीआईजी तथा एसपी स्तर के कुछ अग्रिम पंक्ति के अधिकारी भी शामिल होंगे।

## केंद्रीय एजेंसी के एक्शन से मेडिकल क्षेत्र में हड़कंप

# मेडिकल कॉलेजों में घोटाला, छत्तीसगढ़ सहित 10 राज्यों में ईडी की छापेमारी

**एफआईआर में 34 आरोपी सीबीआई ने आठ को किया गिरफ्तार**

*प्राइवेट मेडिकल कॉलेजों में कथित रिश्वतखोरी और भारी अनियमितताओं से जुड़े एक बड़े मामले में ईडी ने गुरुवार को छापामार कार्रवाई की। यह कार्रवाई छत्तीसगढ़ समेत 10 राज्यों में एक साथ की गई। बताया जा रहा है कि दिल्ली मुख्यालय से विशेष रूप से भेजी गई ईडी की टीमें इस पूरे ऑपरेशन का नेतृत्व कर रही हैं। इधर, इस कार्रवाई से मेडिकल क्षेत्र में हड़कंप मच गया है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली/रायपुर

प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुवार को देश के कुछ मेडिकल कॉलेजों से जुड़े कथित रिश्वतखोरी और नियामक ढांचे में हेरफेर के मामले में धनशोधन जांच के तहत दस राज्यों में एक साथ छापेमारी की। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, राजस्थान, बिहार, उत्तर प्रदेश और दिल्ली में कम से कम 15 स्थानों पर तलाशी ली जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि इन स्थानों में मेडिकल कॉलेजों के सात परिसर और कुछ निजी व्यक्तियों के ठिकाने शामिल हैं। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई ▶▶| शेष पेज 9 पर

### क्या है मामला

मामला मेडिकल कॉलेजों में एडमिशन दिलाने, फर्जी डॉक्यूमेंट्स, सीटों की खरीद-फरोख्त और प्रवेश प्रक्रिया में करोड़ों की हेराफेरी से जुड़ा है। आरोप है कि कई राज्यों में निजी मेडिकल कॉलेजों के संचालकों और दलालों द्वारा कुछ अधिकारियों की मदद से छात्रों से मोटी रकम लेकर सीटें आवंटित की जा रही थीं। इस बड़े नेटवर्क पर ईडी की नजर थी।




### गिरफ्तार आरोपियों में तीन डॉक्टर भी

अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने इस मामले में आठ लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एनएमसी टीम के तीन डॉक्टर भी शामिल हैं, जिन्हें छत्तीसगढ़ स्थित एक मेडिकल कॉलेज को अनुकूल रिपोर्ट देने के लिए कथित तौर पर 55 लाख रुपए की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

### रायपुर, भिलाई में तीन जगह जांच

हरिभूमि न्यूज:रायपुर

मेडिकल कालेज घोटाला मामले में ईडी की टीम ने राज्य के रायपुर, भिलाई में तीन से चार ठिकानों पर छापे की कार्रवाई की। चर्चा है कि ईडी की टीम एक पूर्व आईएफएस अफसर के यहां भी सर्च करने पहुंची थी। सूत्रों के अनुसार ईडी की टीम ने रायपुर में तीन स्थानों पर छापे की ▶▶| शेष पेज 9 पर

### मेडिकल क्षेत्र में इस गड़बड़ी ने बढ़ा दी चिंता

इस फर्जीवाड़े के सामने आने के बाद एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन को अप्रूवल देने के प्रोसेस में बड़ी कमियां उजागर हुई हैं। इससे रेगुलेटरी ओवरसाइट की ईमानदारी और देश में मेडिकल एजुकेशन की क्वालिटी पर पड़ने वाले असर को लेकर चिंता बढ़ गई है।

**कॉन्फ्रेंस में शामिल होंगे एनएसए अजीत डोभाल**

## 250 अधिकारी पहुंचे, आज भी आएंगे दोपहर में शुरू होगी कॉन्फ्रेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तीन दिनी डीजी-आईजीपी कांफ्रेस दोपहर 2 बजे से शुरु होगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आयोजन का उद्घाटन करेंगे। इस कार्यक्रम के समापन पर अंतिम दो दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल होंगे। श्री शाह गुरुवार रात रायपुर पहुंचे।

नवा रायपुर में आयोजित डीजी-आईजीपी कांफ्रेस का देश में यह 60 वां वार्षिक आयोजन है। छतीसगढ़ के लिहाज से यह ऐतिहासिक इसलिए है कि यह आयोजन पहली बार होने जा रहा है। कांफ्रेस में देश भर के पुलिस प्रमुख( डीजीपी) और पुलिस महानिरीक्षक( आईजी) शामिल होंगे। बताया गया है कि आयोजन में करीब 500 अधिकारी शामिल होने ▶▶| शेष पेज 9 पर

### छत्तीसगढ़ के लिए यह सौभाग्य- साव

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, ''यह छत्तीसगढ़ के लिए गर्व और सौभाग्य की बात है कि इस तरह का आयोजन हमारे प्रदेश में हो रहा है. डिप्टी सीएम ने कहा, सरकार की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं. राज्य पूरी मजबूती से इस ऐतिहासिक आयोजन के लिए तैयार है.'

### एनएसए और आईबी चीफ रहेंगे रायपुर में

नए सर्किट हाउस में अजीत डोभाल के लिए विशेष सुइट तैयार किया गया है. उनके साथ डिप्टी एनएसए अनीश दयाल सिंह, आईबी चीफ तपन डेका, केंद्रीय गृह सचिव, गृह राज्य मंत्री और अन्य शीर्ष सुरक्षा अधिकारी भी यहीं ठहरेंगे। कुल 6 अत्याधुनिक वीवीआईपी सुइट तैयार किए गए हैं.

**नेशनल गाड्‌र्स पर हमले के बाद एक्शन**

## ट्रंप ने अफगानिस्तान से इमिग्रेशन पर लगाई रोक

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन में तैनात वेस्ट वर्जीनिया नेशनल गार्ड के दो सदस्यों को गोली मारे जाने के बाद यूएस सिटिजनशिप ऐंड इमिग्रेशन सर्विसेज ने बड़ा ऐलान किया है। अमेरिका ने अफगानिस्तान बुधवार को राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय वाइट हाउस से महज कुछ दूरी पर गोली मार दी गई। इसके बाद अमेरिका ने अफगानिस्तान से इमिग्रेशन पर पूरी तरह रोक लगा दी है।

**संदिग्ध अफगान नागरिक:** ट्रंप और दो कानून प्रवर्तन अधिकारियों के अनुसार गोलीबारी का संदिग्ध एक अफगान नागरिक माना जा रहा है। वह 2021 में 'ऑपरेशन अलाइज वेलकम' के तहत अमेरिका पहुंचा 1था। यह बाइडन प्रशासन का कार्यक्रम था जिसके तहत अफगानिस्तान से अमेरिकी सेना की वापसी के बाद वहां से निकाले गए हजारों अफगान नागरिकों को यहां बसाया गया था।

**महिला प्रीमियर लीग : एमेलिया केर और लैनिंग को भी अच्छे दाम**

## दीप्ति 3.20 करोड़ में यूपी वारियर्स में लौटी, 2.40 करोड़ में बिकीं शिखा

हरिभूमि ▶▶| नई दिल्ली

दीप्ति शर्मा को गुरुवार को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की नीलामी में यहां अच्छी रकम मिली है जिन्हें यूपी वारियर्स ने 'राइट टू मैच' कार्ड का इस्तेमाल करके तीन करोड़ 20 लाख रुपए में खरीदा। मुंबई इंडियंस ने पिछले साल संयुक्त रूप से सर्वाधिक विकेट लेने वाली न्यूजीलैंड की हरफनमौला एमेलिया केर को तीन करोड़ रुपए में खरीदा है। आस्ट्रेलिया की मेग लैनिंग को यूपी वारियर्स ने एक करोड़ 90 लाख ▶▶| शेष पेज 9 पर



### पहली बोली हीली पर

मेगा ऑक्शन की पहली बोली ऑस्ट्रेलिया की कप्तान और विकेटकीपर एलिसा हीली पर लगी, लेकिन उन्हें किसी ने नहीं खरीदा। न्यूजीलैंड की सोफी डिवाइन को गुजरात ने 2 करोड़ रुपए में खरीदा है। दिल्ली को 3 बार फाइनल में पहुंचाने ▶▶| शेष पेज 9 पर

### इन पर बरसा धन

- दीप्ति शर्मा -3.2 करोड़- यूपी वॉरियर्स
- अमेलिया केर- 3 करोड़- मुंबई इंडियंस
- सोफी डिवाइन- 2 करोड़- गुजरात जाएंटस
- मेग लैनिंग-1.9 करोड़- यूपी वॉरियर्स
- चिनेले हैनरी - 1.3 करोड़- दिल्ली कैपिटल्स

## एमएमसी जोन के नक्सली 1 जनवरी को हथियार बंद संघर्ष विराम को देंगे अंजाम

**बीजापुर।** एमएमसी याने महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ स्पेशल जोनल कमेटी के प्रवक्ता अनंत ने प्रेस नोट और ऑडियो जारी कहा कि जोन के नक्सली 1 जनवरी को हथियार बंद संघर्ष विराम को अंजाम देंगे। नक्सल नेता ने कहा है कि एक- एक करके समर्पण न करें, सब एक साथ जाएंगे। नक्सल नेता ने यह भी कहा कि वे अपने साथियों के साथ सरकार की पूना मार्गेम अभियान को स्वीकार करेंगे, समर्पण ▶▶| शेष पेज 9 पर









ASHTVINAYAKA REALTIES
CGRERA150322A000647

# अमर महादेव विहार

AMAR INFRASTRUCTURE LTD.

## PREMIUM RESIDENTIAL PLOTS

## LAUNCHING ON 28, 29 & 30 November 2025



Entrance Gate


Club House


## EXCLUSIVE AMENITIES



Kid's Play Area


Temple


Swimming Pool


Indoor Badminton Court


Indoor Squash Court


Well Equipped Gym

आज ही बुक करें अपना प्लॉट और लक्की ड्रॉ में जीतें*



1st Prize
स्विफ्ट कार


2nd Prize
हार्ले डेविडसन


3rd Prize
एक्टिवा

* नियम व शर्तें लागू

MAHESHWARI

RERA NO-PCGRERA260525001931
www.rera.cgstate.gov.in

गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज के पास, सेजबहार, पुराना धमतरी रोड, रायपुर

8516003000

Project by MAHADEV VENTURES

रायपुर, शुक्रवार, 28 नवंबर 2025 | अगहन शुक्ल पक्ष अष्टमी| वर्ष : 24, अंक : 130 | पृष्ठ : 14+4+4 = 22 मूल्य : 5.00** | haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


मैनपाट


चिल्पी घाटी

### 17 सरकारी रिसॉर्ट्स को लीज पर दिया जाएगा, कंपनियों के प्रतिनिधियों ने किया भ्रमण

# मैनपाट और बस्तर की खूबसूरत वादियों ने खींचा टाटा महिंद्रा का ध्यान, रिसॉर्ट्स के लिए कंपनियों ने दिखाई दिलचस्पी

ललित राठोड़ ▶▶| रायपुर

अलग खबर

छत्तीसगढ़ पर्यटन विभाग राज्य के 17 सरकारी रिसॉर्ट्स को लीज पर देने की तैयारी में है। टेंडर प्रक्रिया शुरू होने से पहले कंपनियों द्वारा रिसॉर्ट का निरीक्षण शुरू हो चुका है। खास बात यह है कि इस बार देश की दो प्रमुख कंपनियां टाटा और महिंद्रा छत्तीसगढ़ के रिसॉर्ट्स में निवेश को लेकर रुचि दिखा रही हैं। हाल ही में इन कंपनियों के प्रतिनिधियों ने बस्तर संभाग के कोंडागांव और जगदलपुर स्थित प्रमुख रिसॉर्ट्स का दौरा किया। निरीक्षण के ▶▶|शेष पेज 9 पर


बस्तर

### हिल स्टेशनों के रिसॉर्ट्स पर बड़ी कंपनियों की नजर

छत्तीसगढ़ पर्यटन विभाग के रिसॉर्ट्स को लीज पर देने की योजना में हिल स्टेशन पर बने रिसॉर्ट्स को लेकर बड़ी कंपनियों ने खास रुचि दिखाई है। टाटा और महिंद्रा जैसी दिग्गज कंपनियों को मैनपाट, चिल्पी और कुरदर घाटी में स्थित रिसॉर्ट्स ▶▶|शेष पेज 9 पर

### लीज से पहले शुरू हुआ विजिट का दौर

छत्तीसगढ़ पर्यटन विभाग के 17 सरकारी रिसॉर्ट्स को लीज पर देने की प्रक्रिया से पहले देश के बड़े शहरों से कंपनियों का राज्य में आना शुरू हो गया है। दिल्ली, मुंबई सहित अन्य महानगरों से आई कंपनियां अब तक कई प्रमुख रिसॉर्ट्स जैसे मैनपाट, चिल्पी घाटी और बस्तर का दौरा कर चुकी हैं। अभी टेंडर प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है, विभाग द्वारा फिलहाल सभी रिसॉर्ट्स की लीज वैल्यू तय ▶▶|शेष पेज 9 पर

### मंजूरी के बाद टेंडर जारी किया जाएगा

कंपनियों ने प्रदेश के कई सरकारी रिसॉर्ट का भ्रमण किया है और उन्हें इन रिसॉर्ट्स की लोकेशन काफी पसंद आई है। उम्मीद जताई जा रही है कि ये कंपनियां आने वाली टेंडर प्रक्रिया में भाग लेंगी। पर्यटन विभाग द्वारा लीज पर देने की प्रक्रिया को अंतिम रूप देने के बाद कैबिनेट से मंजूरी के बाद टेंडर जारी किया जाएगा।

-विवेक आचार्य
संचालक पर्यटन विभाग

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### ऑनलाइन गेमिंग विंजो के संस्थापक गिरफ्तार



**नई दिल्ली/बेंगलुरु।** ईडी ने ऑनलाइन गेमिंग मंच विंजो की संस्थापक सौम्या सिंह राठौर और पावन नंदा को धनशोधन के आरोप में गिरफ्तार किया है। केंद्रीय जांच एजेंसी के जोनल कार्यालय में बुधवार को पूछताछ के बाद उन्हें बेंगलुरु में गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि आरोपियों को उसी रात बेंगलुरु की एक स्थानीय अदालत में पेश किया गया।

### खड़े हुए ट्रक से टकराई कार, दो की मौत

**सीहोर।** मप्र के सीहोर जिले में इंदौर-भोपाल राजमार्ग पर सीहोर बाईपास पर एक तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे खड़े ट्रक को टक्कर मार दी। इसके कारण कार में सवार दो लोगों की मौत हो गयी और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में इंदौर की निवासी संध्या नेमा (56) तथा भोपाल के निवासी मृदंग नेमा (28) की मौत हो गयी जबकि सुनील नेमा, संजीव नेमा और मीनल नेमा गंभीर रुप से घायल हो गये।

### यात्री ट्रेन के दो डिब्बे पटरी से उतरे



**दुमका।** झारखंड के दुमका रेलवे स्टेशन के समीप बृहस्पतिवार को रामपुरहाट-जसीडीह यात्री ट्रेन के दो डिब्बे पटरी से उतर गए। पूर्वी रेलवे के अंतर्गत आने वाले दुमका स्टेशन के पास दोपहर करीब दो बजकर 10 मिनट पर हुई इस दुर्घटना में दो से तीन यात्रियों को मामूली चोट आई हैं। ट्रेन पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले के रामपुरहाट से दोपहर करीब 12 बजकर 50 मिनट पर रवाना हुई थी। इसे झारखंड में जसीडीह स्टेशन पहुंचना था। दुर्घटना में बिजली का एक खंभा भी क्षतिग्रस्त हो गया।

### दिव्यांगों का मजाक बनाने वाले 5 कॉमेडियंस पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

# अश्लील कंटेंट पर कानून सख्त करने का आदेश, समय रैना को अनोखी 'सजा'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

खास खबर

सुप्रीम कोर्ट ने दिव्यांगजनों की गरिमा की रक्षा के लिए एक सख्त कानून की आवश्यकता पर जोर दिया और केंद्र सरकार से गुरुवार को कहा कि वह दिव्यांगजनों के खिलाफ उनका मजाक उड़ाने वाले अपमानजनक बयान देने वालों के खिलाफ भी एससी-एसटी अधिनियम की तर्ज पर दंडनीय कानून बनाने पर विचार करे। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 एससी और एसटी समुदायों के लोगों के खिलाफ किए जाने वाले जातिसूचक अपशब्दों, भेदभाव, अपमान और हिंसा को अपराध मानता है तथा उसके तहत ऐसे मामले गैर-जमानती होते हैं। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा, एससी-एसटी अधिनियम में जातिसूचक ▶▶|शेष पेज 9 पर

*सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को सोशल मीडिया के कंटेंट से जुड़े दो मामलों पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने कहा- सोशल मीडिया पर डाले जाने वाले एडल्ट कंटेंट के लिए किसी न किसी को जिम्मेदार लेनी ही होगी। केंद्र सरकार इसके लिए 4 हफ्ते में रेगुलेशन बनाए और कानून एससी/एसटी एक्ट की तरह सख्त हों। दिव्यांगों से जुड़े दूसरे मामले में इंडियाज गॉट लेटेंट' के होस्ट और यूट्यूबर समय रैना को आदेश दिया कि वे अपने शो में दिव्यांग लोगों की सफलता की कहानियां दिखाएं, ताकि उनकी मदद के लिए फंड इकट्ठा किया जा सके।*

### हास्य कलाकार समेत चार को ऐसी सजा

पीठ ने हास्य कलाकार रैना और अन्य को भविष्य में अपने आचरण के प्रति सावधान रहने का निर्देश देते हुए दिव्यांगजनों की सफलता की कहानियों के बारे में हर महीने दो कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया, ताकि दिव्यांगजनों, विशेषकर एसएमए से पीड़ित लोगों के उपचार के लिए धन जुटाया जा सके।पीठ ने कहा कि यह सामाजिक दंड का हिस्सा है और उन्हें अन्य दंडात्मक उपायों से छूट दी गई है। उन्हें दिव्यांगों के बारे में उनके असंवेदनशील चुटकुलों के लिए क्षतिपूर्ति के रूप में ऐसा करने के लिए कहा गया है।



### सुप्रीम कोर्ट का ऐसा आदेश

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि इन्फ्लुएंसर्स एसएमए जैसी दुर्लभ बीमारियों से पीड़ित लोगों को समय पर उपचार प्रदान करने के मकसद से धन जुटाने के लिए अपने मंचों पर विशेष रूप से सक्षम व्यक्तियों को आमंत्रित कर सकते हैं। सुनवाई में क्योर फाउंडेशन की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अपराजिता सिंह ने कहा कि फाउंडेशन ने रैना की 2.5 लाख रुपए देने की पेशकश को अस्वीकार कर दिया क्योंकि यह उनकी गरिमा का सवाल था।

### कई राज्यों में दर्ज हैं केस

बता दें कि समय रैना और अल्लाहबादिया सहित अन्य कलाकारों के खिलाफ 'इंडियास गॉट लेटेंट' में अनुचित टिप्पणियों के लिए कई केस दर्ज है। कंटेंट क्रिएटर्स चाहते थे कि जो केस अलग-अलग राज्यों में दर्ज हैं। उन सभी को एक साथ जोड़ा जाए, इसे के लिए उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया।

### विकलांग व्यक्तियों की उपलब्धियों को दिखाएंगे

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि समय रैना, विपुल गोयल, बलराज परमजीत सिंह घाई, सोनाली ठाकर उर्फ सोनाली आदित्य देसाई और निशांत जगदीश तंवर पहले ही एसएमए उपचार के लिए धन जुटाने के कार्यक्रम आयोजित करने के लिए स्वेच्छा से आगे आ चुके हैं। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को उन्हें आदेश दिया कि वे विशेष रूप से सक्षम व्यक्तियों को अपने प्लेटफॉर्म पर मनाएं और आमंत्रित करें ताकि विकलांग व्यक्तियों सहित एसएमए से पीड़ितों के समय पर इलाज के लिए धन जुटाने के अभियान को बढ़ावा दिया जा सके। बेंच ने कहा कि अगर कॉमेडियन विकलांग व्यक्तियों की उपलब्धियों को पेश करने में ईमानदारी दिखाते हैं, तो वे भी अपने कारण के व्यापक प्रचार के लिए प्लेटफॉर्म पर आएंगे।

### बंगाल की खाड़ी में एक और तूफान

## चक्रवात 'डिटवा' से आंध्र और तमिलनाडु में होगी भारी बारिश



एजेंसी ▶▶| अमरावती/चेन्नई

साइक्लोन सेन्यार के कमजोर पड़ने के बाद बंगाल की खाड़ी में नया तूफान बन रहा है। भारतीय मौसम विभाग ने तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश के तटीय जिलों को सतर्क रहने की सलाह दी है। बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पश्चिम और उससे सटे श्रीलंका तट पर अति निम्न दबाव का क्षेत्र चक्रवात 'डिटवा' में तब्दील हो गया है, जिससे आंध्र प्रदेश और रायलसीमा जिलों के साथ ही तमिलनाडु के कुछ इलाकों में भारी बारिश के साथ तेज हवाएं चलने की संभावना है।

### तीन दिनों तक भारी वर्षा

चक्रवात के प्रभाव के कारण शनिवार से तीन दिनों तक दक्षिण तटीय आंध्र प्रदेश और रायलसीमा में भारी वर्षा होने की संभावना है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि चित्तूर, तिरुपति, नेल्लोर, प्रकाशम, वाईएसआर कडपा, अन्नामय्या और श्री सत्य साई जिलों में 29 नवंबर से दो दिनों तक भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है।

### छत्तीसगढ़ में बढ़ेगी ठंड

छत्तीसगढ़ में गुरुवार को तापमान में गिरावट आई है। राजधानी रायपुर में रात का तापमान 10 डिग्री सेंटीग्रेट दर्ज किया गया। मौसम विज्ञानी ने कहा है कि 28 नवंबर तक उत्तरी छत्तीसगढ़ के एक-दो क्षेत्रों में शीतलहर की स्थिति बन सकती है। इस दौरान हवा की ठंडक बढ़ेगी और न्यूनतम तापमान सामान्य से काफी कम हो सकता है।

# 13 आईएएस के तबादले, मार्कफेड से हटीं किरण, जितेंद्र को मिला जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- जीएडी ने जारी किए आदेश

राज्य शासन ने 13 आईएएस अफसरों के तबादले का आदेश जारी किया है। आदेश में मार्कफेड और नान की एमडी किरण कौशल को मंत्रालय में सचिव बनाया गया है। उनके स्थान पर जितेंद्र शुक्ला संचालक जल जीवन मिशन को मार्कफेड के एमडी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। वहीं आईएएस शिखा राजपूत तिवारी को छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव की जिम्मेदारी दी गई है।

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश में जिन अधिकारियों का तबादला किया गया है, उनमें शिखा राजपूत तिवारी आयुक्त आयुष कोछत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। डॉ. प्रियंका शुक्ला आयुक्त सह संचालक स्वास्थ्य विभाग को आयुक्त समग्र शिक्षा के पद पर पदस्थ किया गया। पदुम सिंह एल्मा संचालक ▶▶|शेष पेज 9 पर



### लोकेश बने संचालक उद्यानिकी

डॉ. रेणुका श्रीवास्तव, उप सचिव, नगरीय प्रशासन तथा अतिरिक्त प्रभार उप सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग को उप सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग के पद पर पदस्थ करते हुए संचालक, महिला एवं बाल विकास का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। रीता यादव, अपर कलेक्टर, धमतरी को प्रबंध संचालक, खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के पद पर पदस्थ किया गया है। लोकेश कुमार, उप सचिव, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग तथा अतिरिक्त प्रभार उप सचिव, श्रम विभाग को संचालक, उद्यानिकी के पद पर पदस्थ करते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी, चिराग परियोजना का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

## हांगकांग में धधक उठे 2000 फ्लैट



- अब तक 65 लोगों की मौत
- 279 के लापता होने की सूचना

### बहुमंजिला आवासीय परिसर में लगी आग

हांगकांग। हांगकांग के एक बहुमंजिला आवासीय परिसर में लगी भीषण आग में मरने वालों की संख्या बढ़कर 65 हो गई है। इस परिसर में 8 हाईराइज टावर हैं, जिसमें तकरीबन 2000 फ्लैट्स हैं और 5 हजार लोग रहते हैं। इस अग्निकांड को शहर के आधुनिक इतिहास की सबसे भयानक आग की घटनाओं में से एक बताया जा रहा है। ताई पो जिले में हांगकांग की सीमा से सटे उत्तरी उपनगर में स्थित वांग फुक कोर्ट परिसर के कुछ फ्लैट से गुरुवार शाम तक घना धुआं उठता देखा गया।

### बारातियों की कार खड्ड में गिरी, तीन की मौत

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के केराकत क्षेत्र में बारातियों से भरी एक कार के खाई में जा गिरने से उस पर सवार तीन लोगों की मौत हो गयी जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) आयुष श्रीवास्तव ने बताया कि बुधवार देर रात वाराणसी से बारात जौनपुर आ रही थी। उन्होंने बताया कि इसी दौरान केराकत थाना क्षेत्र के मुफ्तीगंज के पास बारातियों से भरी एक कार अनियंत्रित होकर खड्ड में जा गिरी। श्रीवास्तव ने बताया कि इस घटना में बबलू सोनकर (45), श्यामलाल सोनकर (35) और राजू सोनकर(45) की मौत हो गयी।

*पीएम मोदी बोले- अंतरिक्ष में देश ने बनाई अलग पहचान*

# भारत का पहला प्राइवेट रॉकेट 'विक्रम-1' लॉन्च

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

- प्रधानमंत्री ने हैदराबाद में स्काईरूट के परिसर का उद्घाटन किया, अंतरिक्ष सुधारों पर बात की

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को यहां भारतीय अंतरिक्ष स्टार्टअप 'स्काईरूट' के 'इन्फिनिटी' परिसर का डिजिटल माध्यम से उद्घाटन किया और सरकार के 'ऐतिहासिक' अंतरिक्ष सुधारों पर प्रकाश डाला। उन्होंने पेलोड को पृथ्वी की कक्षा तक ले जाने वाले कंपनी के पहले रॉकेट 'विक्रम-1' का ▶▶|शेष पेज 9 पर



### स्काईरूट परिसर

स्काईरूट के इस अत्याधुनिक केंद्र में लगभग दो लाख वर्ग फुट का कार्यक्षेत्र होगा। इसमें कई प्रक्षेपण वाहनों के डिजाइन, विकास, एकीकरण और परीक्षण की व्यवस्था होगी। इस परिसर में हर महीने एक ऑर्बिटल रॉकेट तैयार करने की क्षमता है। स्काईरूट भारत की अग्रणी निजी अंतरिक्ष कंपनी है, जिसकी स्थापना पवन चंदना और भरत ढाका ने की थी।

### विक्रम-1

- मल्टी-स्टेज लॉन्च व्हीकल, स्कायरूट द्वारा विकसित
- नाम विक्रम साराभाई के सम्मान में रखा गया
- 300 किलोग्राम तक का पेलोड लो अर्थ ऑर्बिट में ले जाने की क्षमता
- पूरी तरह ▶▶|शेष पेज 9 पर






# नेपाल के 100 के नए नोट पर कालापानी और लिपुलेख का नक्शा


एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नेपाल के सेंट्रल बैंक ने 100 रुपये का नया नोट जारी किया है। इस पर कालापानी और लिपुलेख जैसे भारतीय क्षेत्रों को नेपाल का हिस्सा दिखाया गया है। यह मैप 2020 में ओली सरकार द्वारा पास किया गया था। ये इलाके भारत के उत्तराखंड का भाग है। नेपाल के इस कदम से कूटनीतिक तनाव बढ़ने की आशंका है। नेपाल के इस कदम ने एक बार फिर भारत के साथ सीमा विवाद को हवा दे दी है। भारत इन इलाकों को हमेशा से अपना मानता आया है। यह कदम दोनों देशों के रिश्तों में कड़वाहट पैदा कर सकता है। नेपाल की इस हरकत से 2020 का पुराना विवाद फिर से जिंदा हो गया है। भारत ने पहले ही नेपाल के इस दावे को एकतरफा कार्रवाई बताया था। इसके बावजूद नेपाल अपनी जिद पर अड़ा हुआ है। यह कार्रवाई सीधे तौर पर भारत की संप्रभुता को चुनौती देने जैसी है। भारत सरकार ने नेपाल के इस दावे को कृत्रिम विस्तार करार दिया था। अब करेंसी नोट पर इसे छापना मामले को और गंभीर बना रहा है।

## यह मैप 2020 में ओली सरकार द्वारा किया गया था पास

### 2020 वाला पुराना विवाद फिर हुआ ताजा

नेपाल राष्ट्र बैंक का यह कदम केपी शर्मा ओली सरकार के फैसले से जुड़ा है। मई 2020 में नेपाल की संसद ने एक नया मैप पास किया था। इसमें लिपुलेख और लिम्पियाधुरा को नेपाल में दिखाया गया था। भारत का कहना है कि ये इलाके उत्तराखंड के पिथौरागढ़ डिस्ट्रिक्ट का हिस्सा हैं। वहीं नेपाल इसे अपने धारचूला डिस्ट्रिक्ट का भाग बताता है। उस समय भारत ने इस बदलाव पर कड़ी आपत्ति जताई थी। भारत ने इसे ऐतिहासिक तथ्यों के खिलाफ बताया था। अब नए नोट पर उसी विवादित मैप को जगह दी गई है। यह नोट पूर्व गवर्नर महा प्रसाद अधिकारी के हस्ताक्षर के साथ आया है। इस पर जारी करने का साल 2081 बीएस यानी 2024 लिखा हुआ है।




### नोट की खासियत और डिजाइन

नेपाल के इस नए नोट में कई बदलाव किए गए हैं। नोट के बाईं ओर माउंट एवरेस्ट की तस्वीर है। दाईं ओर नेपाल के राष्ट्रीय फूल रोडोडेंड्रोन का वाटरमार्क है। नोट के बैकग्राउंड में नेपाल का हल्का हरा मैप है। इसी मैप में विवादित हिस्सों को शामिल किया गया है। इसके अलावा अशोक स्तंभ भी छापा गया है। उस पर लिखा है 'लुंबिनी, भगवान बुद्ध का जन्मस्थान' नोट के दूसरी तरफ एक सींग वाले गैंडे की तस्वीर है। नेत्रहीनों की सुविधा के लिए इसमें एक काला बिंदु भी है। यह नोट पूरी तरह से नए डिजाइन के साथ मार्केट में उतारा गया है।

### सिर्फ 100 के नोट पर है मैप

हैरानी की बात यह है कि मैप सिर्फ 100 रुपये के नोट पर है। नेपाल के बाकी नोटों पर यह मैप नहीं छापा गया है। 10, 50, 500 और 1000 के नोटों पर राष्ट्रीय मैप नहीं है। नेपाल राष्ट्र बैंक के प्रवक्ता ने इस पर सफाई दी है। उन्होंने कहा कि मैप पहले भी पुराने नोटों पर था। अब इसे सरकार के आदेश पर अपडेट किया गया है। यह फैसला संविधान संशोधन के तहत लिया गया है।

### पांच राज्यों के साथ 1850 किलोमीटर से ज्यादा लंबी सीमा साझा

नेपाल भारत के पांच राज्यों के साथ 1850 किलोमीटर से ज्यादा लंबी सीमा साझा करता है। ऐसे में यह विवाद दोनों देशों के नागरिकों के लिए चिंता का विषय है। कूटनीतिक स्तर पर इसका असर देखने को मिल सकता है। भारत इस उकसावे पर जल्द ही अपनी प्रतिक्रिया दे सकता है।

## खबर संक्षेप

### बहुविवाह पर असम में अब 7 साल की सजा



**गुवाहाटी।** असम विधानसभा में बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाने को लेकर विधेयक पारित कर दिया है। यह एक ऐतिहासिक फैसला है। इस कानून के तहत अगर कोई ऐसा करता है तो उसे सात साल की जेल हो सकती है। साथ ही पीड़ित को 1.40 लाख रुपये मुआवजा देने का भी प्रावधान है। विधेयक में बहुविवाह को अपराध घोषित करने का प्रावधान है और दोषी पाए जाने पर सात साल तक जेल की सजा हो सकती है। इसमें कहा गया कि यदि कोई व्यक्ति अपनी मौजूदा शादी को छिपाकर दूसरी शादी करता है तो उसे 10 साल कारवास और जुर्माने की सजा हो सकती है।

### ब्राह्मण बेटियों पर टिप्पणी अफसर वर्मा को नोटिस



**भोपाल।** मध्य प्रदेश कैडर के आईएएस अधिकारी व अनुसूचित जाति-जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ (अजाक्स) के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष संतोष वर्मा की ओर से ब्राह्मण समाज को लेकर की गई कथित विवादित टिप्पणी का बुधवार को भी प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में विरोध जारी रहा है। वर्मा के खिलाफ राज्यभर में बढ़ते विरोध को देखते हुए मध्य प्रदेश के सामान्य प्रशासन विभाग ने उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया और पूछा कि क्यों न उनकी टिप्पणी के लिए उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए।

### कनाडा में पंजाबी फैमिली जिंदा जली, बच्चे समेत 4 मरे

**लुधियाना।** पंजाब में लुधियाना के रहने वाले एक परिवार के कनाडा के ब्रैम्पटन सिटी स्थित घर में अचानक आग लग गई। आग लगने पर गर्भवती महिला छत से कूद गई, जिससे उसके पेट में पल रहा बच्चा मर गया। उसका पति भी पहले ही बाहर निकलने की वजह से बच गया। हालांकि दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हालांकि परिवार के 4 मेंबर अंदर ही जलकर मर गए। लुधियाना में घटना का पता तब चला, जब इसका वीडियो सामने आया। अब लुधियाना से रिश्तेदार कनाडा जा रहे हैं।

## मुंबई में वोटर लिस्ट से मिले चौंकाने वाले आंकड़े

# 1 करोड़ वोटर में 11 लाख डुप्लीकेट एंट्री, टल सकता है निकाय चुनाव

एजेंसी ▶▶| मुंबई

महाराष्ट्र राज्य चुनाव आयोग (एसईसी) के आंकड़ों के मुताबिक, मुंबई के 1.03 करोड़ मतदाताओं में से करीब 10.64 फीसदी यानी 11 लाख से ज्यादा मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट में डुप्लीकेट हैं। एसईसी ने आपत्ति दर्ज करने की समय सीमा को 27 नवंबर से बढ़ाकर 3 दिसंबर कर दिया है। आयोग के एक बयान के मुताबिक, अंतिम मतदाता सूची 10 दिसंबर को पब्लिश की जाएगी। 4.33 लाख मतदाता एक से ज्यादा बार दर्ज हैं, जिसमें एक मतदाता का नाम 103 बार तक दर्ज होने की पुष्टि हुई है। अधिकारियों ने बताया कि प्रिंटिंग त्रुटियां, मतदाताओं का स्थान परिवर्तन और मृत लोगों के नाम न हटाना इस डुप्लीकेशन की वजह है। डेटा से पता चलता है कि सबसे ज्यादा डुप्लीकेट वोटर वाले ज्यादातर वार्डों का प्रतिनिधित्व पहले विपक्षी पार्टियों के नगर सेवकों ने किया था। शिवसेना (यूबीटी) और राकांपा (एसपी) के विपक्षी नेताओं ने वोटर लिस्ट के चल रहे संशोधन में अनियमितताओं का आरोप लगाया है। बूथ लेवल के कार्यकर्ता अब यह सुनिश्चित करने के लिए फील्ड विजिट करेंगे कि हर वोटर केवल एक बार ही लिस्ट हो।

### खास बातें

- 3 दिसंबर तक बढ़ाई गई आपत्ति दर्ज करने की समय सीमा
- शिवसेना (यूबीटी), राकांपा (एसपी) ने लगाया अनियमितताओं का आरोप



### वोटर लिस्ट में की गई धांधली : ठाकरे

शिवसेना (यूबीटी) विधायक आदित्य ठाकरे ने सोशल मीडिया पोस्ट में दावा किया है कि वोटर लिस्ट में लाखों की तादाद में नाम दुहराए गए हैं, धोखाधड़ी वाले घरेलू एंट्री हैं और वोटर कार्ड में बुनियादी विवरण की कमी है। उन्होंने चेतावनी दी है कि सुझाव और आपत्ति अवधि को बढ़ाने से इनकार करने पर चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता पर संदेह पैदा होगा। यह विवाद तब सामने आया है, जब सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार मुंबई नागरिक चुनाव 31 जनवरी, 2026 तक पूरे होने हैं।

### डुप्लीकेट वोटर्स वाले प्रमुख वार्ड

एसईसी डेटा से पता चलता है कि सबसे ज्यादा डुप्लीकेट मतदाता वाले पांच में से चार वार्डों का प्रतिनिधित्व पहले शिव सेना (यूबीटी) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) जैसे विपक्षी पार्टियों के नगर सेवकों ने किया था। इनमें से दो वार्ड शिवसेना (यूबीटी) विधायक आदित्य ठाकरे द्वारा प्रतिनिधित्व वाली वर्ली विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं। पूर्व महापौर किशोरी पेडनेकर द्वारा प्रतिनिधित्व वाले वर्ली के वार्ड संख्या 199 में 8,207 डुप्लीकेट मतदाता हैं, जो सबसे ज्यादा है। एक सीनियर बीएमसी अधिकारी ने कहा कि 11 लाख का आंकड़ा केवल दुहराई गई एंट्री की संख्या को दर्शाता है, न कि व्यक्तियों की संख्या को।

### चुनाव टलने के संकेत

एसईसी के एक अधिकारी ने संकेत दिया कि मुंबई के नागरिक चुनावों में थोड़ी देरी हो सकती है। उन्होंने कहा कि बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) द्वारा सुधार की गति के आधार पर, चुनाव या तो जनवरी के अंत तक आयोजित हो सकते हैं या एसईसी फरवरी के पहले हफ्ते तक का विस्तार मांग सकता है। यह 4.33 लाख मतदाताओं का कई बार रजिस्टर्ड होना ही कुल डुप्लीकेट एंट्री को 11,01,505 तक पहुंचा देता है।

## इधर, राज के घर पहुंचे उद्धव, सीट बंटवारे पर चर्चा

इधर, शिवसेना यूबीटी चीफ उद्धव ठाकरे ने गुरुवार को एमएनएस अध्यक्ष राज ठाकरे से मुंबई में मुलाकात कर आगामी नगर निकाय चुनावों के लिए सीट बंटवारे पर चर्चा की। उद्धव मध्य मुंबई के दादर स्थित राज के आवास 'शिवतीर्थ' पहुंचे। यह राजनीतिक रूप से अलग रहे चचेरे भाइयों के बीच हुई बैठकों की श्रृंखला में नवीनतम है। शिवसेना यूबीटी और मनसे ने अभी तक औपचारिक रूप से गठबंधन की घोषणा नहीं की है, लेकिन ठाकरे भाइयों ने स्थानीय निकाय चुनावों, विशेष रूप से महत्वपूर्ण बीएमसी तथा मुंबई महानगर क्षेत्र, पुणे और नासिक के अन्य नगर निकायों के लिए आसन्न गठबंधन के पर्याप्त संकेत दिए हैं, जहां दोनों संगठनों का प्रभाव है।



# क्या आधार कार्ड रखने वाला कोई घुसपैठिया वोट डाल सकता है?



एसआईआर पर बहस कर रहे सिब्बल से सुप्रीम सवाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इस समय देश के कई राज्यों में वोटर लिस्ट एसआईआर प्रक्रिया चल रही है। इस प्रक्रिया को लेकर राजनीतिक बहस भी जारी है। इसी बहस के बीच सुप्रीम कोर्ट ने यह सवाल उठाया कि क्या केवल सामाजिक सुरक्षा लाभ लेने के लिए आधार कार्ड रखने वाले 'घुसपैठियों' को भी वोटर माना जाना चाहिए। संविधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए सीजीआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच (जिसमें न्यायमूर्ति जॉयमल्य बागची भी शामिल थे) ने कहा, 'आधार कार्ड एक कानून के तहत बनाया गया दस्तावेज है और उतनी ही सीमा तक वैध है, जितना कि उससे मिलने वाले लाभ या विशेषाधिकारों को मान्यता दी गई है। इस पर कोई विवाद नहीं हो सकता। आखिरकार, आधार कार्ड एक निश्चित उद्देश्य और एक निश्चित कानून के तहत ही तैयार किया जाता है। इस पर कोई मतभेद नहीं हो सकता।'

### सीजेआई की टिप्पणियां

सीजेआई ने ये टिप्पणियां तब कीं जब वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल (पश्चिम बंगाल और केरल राज्यों की ओर से पेश हो रहे थे) ने आधार कार्ड होने के बावजूद वोटरों के नाम हटाए जाने का मुद्दा उठाया था। सीजेआई ने आगे कहा, 'मान लीजिए कुछ लोग किसी दूसरे देश से, पड़ोसी देशों से भारत में आ जाते हैं, यहां काम करते हैं, रहते हैं – कोई गरीब रिक्शा-चलाने वाला है, कोई निर्माण स्थल पर मजदूरी करता है। अगर आप उसे आधार कार्ड इसलिए जारी करते हैं ताकि वह सब्सिडी वाले राशन या किसी अन्य लाभ का फायदा उठा सके, तो यह हमारे संवैधानिक मूल्यों और संवैधानिक नैतिकता का हिस्सा है। लेकिन क्या इसका यह मतलब है कि सिर्फ इसलिए कि उसे यह लाभ दिया गया है, अब उसे वोटर भी बना दिया जाए?'

# विशिष्ट नेतृत्व भारत के डीएनए में : सूरीसेट्टी

## यूनिवर्सिटी ऑफ़ ऑक्सफ़ोर्ड में प्रख्यात मनोवैज्ञानिक विचारक ने दिया व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

यूनिवर्सिटी ऑफ़ ऑक्सफ़ोर्ड में 21 नवंबर को एक प्रेरणादायक एवं विचारोत्तेजक सत्र देखने को मिला, जब मनोवैज्ञानिक, विचारक और लेखक डॉ. जवाहर सुरिसेट्टी ने भारतीय नेतृत्व विश्लेषण विषय पर अपना प्रभावशाली व्याख्यान दिया। यह संबोधन संयुक्त राष्ट्र के राजनयिकों, वरिष्ठ लंदन पुलिस अधिकारियों, यूके के प्रधानमंत्री के सलाहकार, और ऑक्सफ़ोर्ड के प्रोफेसरों व छात्रों से भरे विशिष्ट दर्शक वर्ग के बीच आयोजित किया गया। डॉ. सुरिसेट्टी के विचारों को अपार सराहना मिली और कार्यक्रम को शानदार प्रतिक्रिया प्राप्त हुई।

वैश्विक नेतृत्व में भारत की उल्लेखनीय प्रगति

अपने संबोधन में डॉ. सुरिसेट्टी ने पिछले दशक में वैश्विक नेतृत्व में भारत की उल्लेखनीय प्रगति का विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि भारत अब केवल वैश्विक चर्चाओं में भाग नहीं ले रहा, बल्कि अपनी सहानुभूति, दृढ़ता और सांस्कृतिक गहराई के बल पर भविष्य का विश्व नेता बनने की दिशा में दृढ़ता से आगे बढ़ रहा है। भारतीय नेतृत्व की भावनात्मक और उत्तरदायी शैली को समझाते हुए उन्होंने 26/11 आतंकवादी हमलों के बाद रतन टाटा के आदर्श व्यवहार का उदाहरण दिया।



### कारपोरेट जगत में छाए नडेला, पिचाई

वैश्विक कॉरपोरेट जगत में भारतीयों की सफलता पर चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि सत्य नडेला, सुंदर पिचाई, और इंद्रा नूयी जैसे भारतीय मूल के नेताओं के शीर्ष पर पहुंचने का प्रमुख कारण उनकी भारतीय मूल्यों में जड़ें, व्यावहारिक दृष्टिकोण और संतुलित सोच है।

## चीन में एक दशक का सबसे भीषण रेल हादसा

# ट्रैक पर काम कर रहे कर्मचारियों को ट्रेन ने कुचला, 11 की मौत

एजेंसी ▶▶| बीजिंग

चीन के दक्षिणी प्रांत युन्नान में गुरुवार सुबह एक बड़ा रेल हादसा हो गया। यहां कुनमिंग शहर के लुओयांग टाउन रेलवे स्टेशन पर एक परीक्षण ट्रेन ने ट्रैक पर मौजूद निर्माण कर्मचारियों के समूह को टक्कर मार दी। इस हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हैं। यह दुर्घटना स्टेशन के एक घुमावदार हिस्से में हुई, जहां कर्मचारी काम कर रहे थे। उसी समय भूकंप संकेतों को मापने वाले उपकरणों की जांच कर रही एक ट्रेन वहां पहुंच गई और कर्मचारियों को देख नहीं सकी। ट्रेन सीधे उन पर चढ़ गई।



### सेवाएं रहीं बाधित

घटना के बाद कुछ समय के लिए स्टेशन पर सेवाएं बाधित रहीं, लेकिन अब रेल संचालन सामान्य कर दिया गया है। इस बीच, हादसे की सटीक वजह जानने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। चीन सेंट्रल टेलीविजन (सीसीटीवी) के मुताबिक, हादसे के बाद रेलवे अधिकारी और राहत-बचाव टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और घायलों को अस्पताल भेजा। मृतकों के शव निकाले गए और इलाके को सुरक्षित किया गया।

## संसद के आगामी शीतकालीन सत्र में 10 बड़े बिल पेश करेगी सरकार

# 'एसआईआर' छाया रहने के आसार, 30 को सर्वदलीय बैठक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

संसद का शीतकालीन सत्र 1 दिसंबर से 19 दिसंबर तक चलेगा और कुल 15 बैठकें होंगी। लोकसभा बुलेटिन के मुताबिक, इस सत्र में कुल दस नए बिल पेश किए जा सकते हैं। इस बीच सरकार ने 30 नवंबर को सर्वदलीय बैठक भी बुलाई है जिसमे सरकार विपक्ष के सामने सत्र का एजेंडा पेश करेगी और सदन चलाने में सहयोग मांगेगी। इस सत्र में 'एसआईआर' का मुद्दा छाए रहने के आसार हैं। विपक्ष की तैयारी सुर्खियों में है, माना जा रहा है, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग लाया जाएगा। इंडिया गठबंधन ने अगस्त में हुई बैठक में संकेत दिए थे कि वे इस मामले में शीतकालीन सत्र के दौरान नोटिस देंगे। यह विवाद तब शुरू हुआ जब राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर वोट चोरी के आरोप लगाए और सीईसी ने उनसे या तो आरोपों पर हलफनामा देने या सार्वजनिक माफी मांगने को कहा।

## 1 से 19 दिसंबर तक चलेगा यह सत्र, होंगी कुल 15 बैठकें

### सबसे महत्वपूर्ण एटॉमिक एनर्जी बिल

सरकार की तरफ से जो बिल पेश किए जाने हैं, उनमें सबसे महत्वपूर्ण एटॉमिक एनर्जी बिल है, जो देश के परमाणु ऊर्जा सेक्टर में अब तक का सबसे बड़ा बदलाव लेकर आएगा। अभी तक न्यूक्लियर प्लांट्स का निर्माण और संचालन पूरी तरह सरकारी कंपनियों के हाथ में है, लेकिन नए बिल के तहत प्राइवेट कंपनियों—चाहे वे भारतीय हों या विदेशी—को भी न्यूक्लियर पावर प्लांट लगाने की अनुमति मिल सकेगी। इसे सेक्टर में ऐतिहासिक कदम के तौर पर देखा जा रहा है।



### यह बिल भी होंगे पेश

इसके अलावा सरकार हायर एजुकेशन कमीशन ऑफ इंडिया बिल, सिक्योरिटीज मार्केट्स कोड बिल भी लाने वाली है, जिसमें सेबी एक्ट, डिपॉजिटरी एक्ट और सिक्योरिटीज कॉन्ट्रैक्ट्स एक्ट को एक ही कानून में समाहित किया जाएगा। साथ ही संविधान का 131वां संशोधन प्रस्तावित है, जिसके तहत चंडीगढ़ को संविधान के अनुच्छेद 240 के दायरे में लाया जाएगा। इसके अलावा कंपनियों और व्यक्तियों के बीच विवादों के तेज निपटारे के लिए मध्यस्थता कानून को भी संशोधित करने की तैयारी है।

### मानसून सत्र में हुए थे 27 बिल पास

इससे पहले मानसून सत्र एसआईआर विवाद के चलते लगातार हंगामे की भेंट चढ़ गया था। हालांकि दोनों सदनों ने मिलकर 27 बिल पास किए। मानसून सत्र की शुरुआत में ही राज्यसभा के उपसभापति जगदीप धनखड़ ने इस्तीफा दिया था और उसके बाद सदन की कार्यवाही पर एसआईआर विवाद छाया रहा।

## तीन मामलों में कोर्ट ने सुनाई सजा

# भ्रष्टाचार मामले में हसीना को अब 21 साल की जेल

एजेंसी ▶▶| ढाका

मौत की सजा के बाद अब बांग्लादेश की एक कोर्ट ने गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को भ्रष्टाचार के तीन मामलों में 21 साल की सजा सुनाई। ये तीनों मामले पुरबाचोल स्थित राजुक न्यू टाउन प्रोजेक्ट में प्लॉट आवंटन में कथित गड़बड़ियों से जुड़े थे। बांग्लादेश की सरकारी न्यूज एजेंसी BSS के अनुसार, हसीना पर आरोप था कि उन्हें बिना किसी आवेदन के प्लॉट आवंटित किया गया और यह आवंटन कानूनी अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर किया गया। शेख हसीना इस समय भारत में हैं, इसलिए कोर्ट ने यह फैसला उनकी अनुपस्थिति में सुनाया।



**इसी महीने फांसी का सजा का भी हुआ ऐलान :** इससे पहले शेख हसीना को इस महीने की शुरुआत में मानवता के खिलाफ अपराधों के मामले में मौत की सजा सुनाई गई थी। उन पर पिछले साल हुए जनविद्रोह के दमन का आरोप है, जिसके बाद उनकी 15 साल की सत्ता खत्म हो गई थी।


भारत के प्रधानमंत्री आदरणीय
श्री नरेन्द्र मोदी जी
देश के गरीब और वंचित
जनसमुदाय की सेवा के लिए जिसने
अपना समस्त जीवन समर्पण किया
ऐसे हमारे आदरणीय प्रधानमंत्री
श्री नरेन्द्र मोदी जी का
स्वागत... वंदन
अभिनंदन !
Contact with THE PM
on NARENDRA MODI APP
देवजी भाई पटेल
संरक्षक सर्व गुजराती समाज छत्तीसगढ़
एवं पूर्व विधायक
प्रीतेश गांधी
प्रदेश अध्यक्ष -
सर्व गुजराती समाज छत्तीसगढ़
विनीत : श्रीजी कृपा प्रोजेक्ट लि., के.बी. पटेल (छत्तीसगढ़)
RADIO
प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के (मन की बात) प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को अवश्य श्रवण करें.

## चिंतन

# प्रदूषण से निपटने को कड़े कदम उठाने की जरूरत

एक समय था जब जहरीली हवा के मामले में चीन का शहर बीजिंग दुनिया भर में बदनाम था। एक्यूआई 500 को भी पार कर चुका था। चौतरफा प्रदूषण को लेकर चीन निशाने पर था। विदेशी कंपनियां निवेश करने से हिचकने लगीं थी। चीनी अमीर दूसरे देशों में बसने के बारे में सोचने लगे। वायु प्रदूषण की समस्या चीन के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शर्मिंदगी का कारण बन गई थी। बीजिंग में 2007 से एयर पॉल्यूशन शुरू हुआ तो 2011 तक पहुंचते-पहुंचते हालात दिल्ली से भी बदतर हो गए थे। शहर घने ग्रे स्मॉग से ढका रहता था। पीएम 2.5 का स्तर खतरनाक हो गया। 2013 में बीजिंग में एक्यूआई 755 तक दर्ज किया गया। उस साल कई रिपोर्टों में बीजिंग को दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर और चीन के इतिहास में सबसे प्रदूषित साल करार दिया गया। तब ड्रैगन ने आक्रामक, सख्त और सुनियोजित नीतियां व योजनाएं बनाईं। इस पर तुरंत अमल शुरू किया गया। चीन सरकार ने 2013 में 5 साल के लिए एयर पॉल्यूशन प्रिवेंशन एंड कंट्रोल एक्शन प्लान बनाया। इसमें बीजिंग-तियानजिन-हुबेई क्षेत्र के लिए पीएम 2.5 कम करने के सख्त लक्ष्य तय किए गए। सरकार ने उद्योगों, ईंधन मानकों और शहर नियोजन के लिए कठोर नियम लागू किए। साल 2018 से ब्लू स्काई प्रोटेक्शन कैंपेन शुरू हुआ, जिसने नियमों को और कड़ा कर दिया गया। सरकार ने बीजिंग के आसपास के हजारों छोटे और अत्यधिक प्रदूषक कारखानों को या तो बंद कर दिया था या फिर दूर के प्रांतों में शिफ्ट कर दिया। स्टील, सीमेंट और कोयला पर चलने वाले बिजली संयंत्रों जैसे भारी उद्योगों को क्लीन एनर्जी और टेक्नोलॉजी अपनाने या फिर बीजिंग छोड़ने को मजबूर किया गया। साल 2017 में अपना आखिरी कोयला-आधारित बिजली संयंत्र भी बंद कर दिया। इसी के साथ प्राकृतिक गैस और नवीकरणीय ऊर्जा की ओर रुख किया। तभी सरकार ने तय किया कि बीजिंग में बिजली आधारित वाहनों का उपयोग सबसे ज्यादा किया जाएगा। इसके लिए जगह-जगह चार्जिंग प्वाइंट लगाए गए, ताकि लोगों में बिजली वाहनों के प्रति भरोसा जगाया जा सके। इसका खासा असर भी दिखाई दिया। महज तीन साल में ही 30 फीसदी बिजली के वाहन शहर की सड़कों पर दौड़ने लगे, जिनका नतीजा है कि आज उसकी हवा साफ हो चुकी है। एक्यूआई लेवल 100 तक आ पहुंचा है। इसी के साथ अब बीजिंग एयर पॉल्यूशन से जूझ रहे शहरों के लिए उदाहरण बन गया है। अगर चीन ऐसा कर सकता है तो हम क्यों नहीं। बस जरूरत केवल इस बात कि है कि प्रदूषण के कारकों की पहचान करके उसका निदान किया जाए। आज दिल्ली-एनसीआर का एक्यूआई 699 को भी पार कर चुका है। सांसें जहरीली होती जा रही हैं। हर घर में खांसी और आंख में जलन के मरीज हैं। हालत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि दिल्ली। सरकार ने वायु प्रदूषण से निपटने के लिए ग्रेप-3 लागू कर दिया है। सभी सरकारी और निजी दफ्तरों को 50 फीसदी कर्मचारियों से वर्क फ्रॉम होम करने को कह दिया गया है। इतना सब होने के बाद भी हालातों में सुधार नहीं हो पा रहा है। हर साल होने वाली इस परेशानी के निदान के लिए रोड मैप बनाकर उसका सख्ती से पालन करने की जरूरत है। आज सुप्रीम कोर्ट ने भी ऐसे ही संकेत दिए हैं। अगर हम ऐसा कर पाए तो एक बार फिर से देश की राजधानी दिल्ली दिल वालों की कहलाएगी।



चिंतन
मनोज कुमार अग्रवाल

# हे राम! दूध भी सुरक्षित नहीं

हाल ही में सामने आए एक अध्ययन ने पूरे देश को चौंका दिया है, जिससे पता चलता है कि मां का दूध ही बच्चे के लिए जहर बनता जा रहा है। एक अध्ययन के अनुसार बिहार में मां के दूध के नमूनों में यूरेनियम की मौजूदगी पाई गई है। इस अध्ययन ने देशभर में चिंता की लहर पैदा कर दी है। पटना स्थित महावीर कैंसर संस्थान द्वारा की गई एक रिसर्च में बिहार की महिलाओं के दूध में यूरेनियम पाया जाना जितना गंभीर है, उतना ही चिंताजनक भी, क्योंकि यह सीधे-सीधे नवजात बच्चों के स्वास्थ्य से जुड़ा मामला है।

सृष्टि की शुरुआत से यह माना जाता है कि मां का दूध नवजात बच्चों के लिए अमृत समान है, क्योंकि इसमें प्रतिरोधक क्षमता अधिक होती है, जो उन्हें संक्रमण के प्रभाव से बचाता है। जैसा कि आप सभी लोग जानते हैं कि चिकित्सकों की राय के अनुसार नवजात मां का दूध शिशु के जीवन के लिए न सिर्फ पहली ढाल होता है, बल्कि रोगों से सुरक्षा भी प्रदान करता है। साथ ही मस्तिष्क के विकास में सहयोगी और प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने की प्राकृतिक शक्ति प्रदान करता है, लेकिन सोचिए, अगर वही दूध किसी जहर के साथ मिलकर बच्चे तक पहुंचे, तो कितना खतरनाक हो सकता है। यह विचार ही किसी भी माता-पिता या समाज को हिलाने के लिए काफी है।

हाल ही में सामने आए एक अध्ययन ने पूरे देश को चौंका दिया है, जिससे पता चलता है कि मां का दूध ही बच्चे के लिए जहर बनता जा रहा है। एक अध्ययन के अनुसार बिहार में स्तन दूध के नमूनों में यूरेनियम की मौजूदगी पाई गई है। इस अध्ययन ने देशभर में चिंता की लहर पैदा कर दी है। पटना स्थित महावीर कैंसर संस्थान द्वारा की गई एक रिसर्च में बिहार की महिलाओं के स्तन दूध में यूरेनियम मिलना जितना गंभीर है, उतना ही चिंताजनक भी, क्योंकि यह सीधे-सीधे नवजात बच्चों के स्वास्थ्य से जुड़ा मामला है। यह अध्ययन अक्टूबर 2021 से जुलाई 2024 के बीच बेगूसराय, भोजपुर, समस्तीपुर, खगड़िया, कटिहार और नालंदा जिलों में 17 से 35 वर्ष की 40 महिलाओं पर किया गया। जांच में पाया गया कि सभी नमूनों में यूरेनियम (यू-238) मौजूद था। यह मात्रा 5.25 जी/एल तक दर्ज की गई। ब्रिटिश जर्नल 'साइंटिफिक रिपोर्टस' में प्रकाशित इस शोध में कहा गया है कि ब्रेस्ट मिल्क के नमूनों में 5 पीपीवी (प्रति अरब भाग) तक यूरेनियम पाया गया। यूरेनियम एक रेडियोधर्मी तत्व है, जो लंबे समय तक शरीर में रहने पर किडनी, हड्डियों और कोशिकाओं को प्रभावित कर सकता है। स्टडी में स्पष्ट किया गया है कि इस स्तर का तत्काल प्रभाव कम हो सकता है, परंतु शिशु यूरेनियम के एक्सपोजर के प्रति वयस्कों की तुलना में अधिक संवेदनशील होते हैं। उनके शरीर में डिटॉक्सिफिकेशन क्षमता सीमित होती है, जिससे कोई भी रेडियोधर्मी तत्व अधिक तेजी से नुकसान पहुंचा सकता है। हालांकि इस रिसर्च में बताया गया है कि 40 माताओं के दूध में यूरेनियम मिला, लेकिन ज्यादातर मामलों में इसका स्तर अनुमेय सीमा से नीचे था। लगभग 70 प्रतिशत शिशुओं में संभावित गैर-कार्सिनोजेनिक जोखिम देखा गया, पर इसका वास्तविक स्वास्थ्य प्रभाव कम होने की संभावना है। इसके बावजूद, यह तथ्य कि सभी महिलाओं के दूध में यूरेनियम मौजूद है, अपने आप में एक गंभीर चेतावनी है। परमाणु वैज्ञानिक और एनडीएमए के सदस्य डॉ. दिनेश के. असवाल का कहना है कि इसमें डरने की जरूरत नहीं है, क्योंकि पाया गया स्तर विश्व स्वास्थ्य संगठन की सुरक्षित सीमा से छह गुना कम है। डब्ल्यूएचओ पीने के पानी में यूरेनियम की सुरक्षित सीमा 30 पीपीबी तक मानता है, जबकि बिहार के नमूनों में सिर्फ 5 पीपीबी पाया गया। विशेषज्ञों ने यह भी बताया कि स्तनपान कराने वाली माताओं के शरीर में गया अधिकांश यूरेनियम मूत्र के जरिए बाहर निकल जाता है, और स्तन के दूध में इसकी मात्रा बहुत कम होती है।



लेकिन यहां बड़ा सवाल यह नहीं कि स्तर सुरक्षित सीमा से कम है या ज्यादा। असली चिंता यह है कि आखिर महिलाओं के दूध में यूरेनियम पहुंच क्यों रहा है? यह संकेत है कि भूजल में यूरेनियम की उपस्थिति लगातार चढ़ रही है। शोध में बताया गया है कि भारत के लगभग 151 जिलों और 18 राज्यों में भूजल यूरेनियम प्रदूषण पाया जा चुका है। यह आंकड़ा सिर्फ बिहार ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए खतरे की घंटी है। एक और महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि शिशु अपने शरीर से यूरेनियम को तुरंत बाहर नहीं निकाल पाते, इसलिए वे अपनी माताओं की तुलना में अधिक संवेदनशील होते हैं। उनका शरीर विकसित हो रहा होता है और किसी भी रेडियोधर्मी तत्व का असर उन पर अधिक तेजी से पड़ सकता है। बच्चों पर यूरेनियम का असर सबसे खतरनाक इसलिए भी होता है, क्योंकि उनके शरीर में हेवी मेटल्स को बाहर निकालने की क्षमता बेहद कम होती है। इसके कारण किडनी का विकास प्रभावित हो सकता है, न्यूरोलॉजिकल विकास रुक सकता है, आईक्यू कम हो सकता है और मानसिक स्वास्थ्य पर भी दीर्घकालिक असर पड़ सकता है। यह सिर्फ स्वास्थ्य का मुद्दा नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों की बौद्धिक क्षमता और राष्ट्रीय विकास से जुड़ा सवाल है। इस स्थिति पर सरकार और समाज दोनों को गंभीरतापूर्वक सोचना होगा। अगर भूजल में भारी धातुओं और रेडियोधर्मी पदार्थों का स्तर बढ़ रहा है, तो इसका असर सिर्फ दूध पर नहीं, बल्कि पेयजल, फसलों और पूरे खाद्य चक्र पर भी पड़ेगा।

असली समाधान भूजल की गुणवत्ता सुधारने, जलस्त्रोतों के परीक्षण को मजबूत करने और प्रदूषण के स्त्रोतों का पता लगाने से होगा। सरकार को चाहिए कि तत्काल उन इलाकों में पानी की जांच शुरू कराए जहां से नमूने लिए, गए थे। पानी शुद्धिकरण की योजनाओं को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। स्वास्थ्य विभाग को माताओं और बच्चों की नियमित जांच करानी चाहिए। साथ ही, वैज्ञानिकों और पर्यावरण विशेषज्ञों को मिलकर यह समझना होगा कि भूजल में यूरेनियम आखिर क्यों बढ़ रहा है, क्या यह प्राकृतिक कारण हैं, औद्योगिक प्रदूषण है, या किसी और बजह से मिट्टी और पानी में बदलाव हो रहा है? इस समस्या को हल्के में लेना भविष्य की पीढ़ी के साथ अन्याय होगा। यह सिर्फ एक शोध नहीं, बल्कि चेतावनी है कि हमारा पर्यावरण धीरे-धीरे प्रदूषण के ऐसे स्तर तक पहुंच रहा है जो मानव स्वास्थ्य के लिए घातक हो सकता है। बच्चों का स्वास्थ्य किसी भी राष्ट्र के लिए सबसे बड़ी प्राथमिकता होनी चाहिए। इसलिए सरकारों को तुरंत कदम उठाने होंगे। स्तनपान आज भी शिशु के लिए सबसे अच्छा आहार है और इसे किसी भी स्थिति में बंद नहीं किया जाना चाहिए। लेकिन साथ ही, यह भी जरूरी है कि महिलाएं जिस वातावरण में रहती हैं, यह सुरक्षित हो। पानी, हवा और मिट्टी की गुणवत्ता सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है। आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित रखना किसी भी समाज का सबसे बड़ा कर्तव्य है। देखा जाए तो यह अध्ययन देश के स्वास्थ्य ढांचे को आईना दिखाता है। यह बताता है कि पर्यावरण संकट सबसे पहले और सबसे ज्यादा बच्चों को प्रभावित है। आज अगर बिहार के 40 नमूनों में यूरेनियम पाया गया है, तो कल यह संख्या बढ़ सकती है। वैश्विक स्तर पर अमेरिका, कनाडा और चीन जैसे देशों के भूजल में यूरेनियम मिलने की खबरें आती रही हैं, लेकिन बिहार में इसका ब्रेस्ट मिल्क में पाया जाना समस्या को एक नए और गंभीर स्तर पर ले जाता है। हालांकि, इन चौंकाने वाले नतीजों के बावजूद शोधकर्ताओं ने माताओं को सलाह दी है कि वे स्तनपान कराना बंद न करें, क्योंकि मां का दूध शिशुओं के लिए पोषण का सबसे सर्वोत्तम स्त्रोत है, लेकिन सरकार को इसके स्त्रोतों का पता लगाकर जल्द रोकथाम करनी होगी। ताकि मां का दूध अमृत बना रहे।

*(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## विशेष

डॉ. गीतेश अमरोहित



# छत्तीसगढ़ियों को जोड़ने वाली भाषा छत्तीसगढ़ी

छत्तीसगढ़ी भाषा सदियों से यहां की जनता की भावनाओं, संस्कृति और परंपराओं का संवाहक रही है। छत्तीसगढ़ी हिंदी, अवधी, ब्रज के समकालीन होने के बावजूद क्षेत्रीय लोकजीवन, साहित्य और संवाद में अपना विशेष स्थान रखती है। आज दुनिया की हर सभ्यता आधुनिकता की दौड़ में शामिल है। सभ्यताओं की पहचान उनकी विशिष्ट जीवनशैली और अनूठी सांस्कृतिक परंपराओं के साथ मूल बोली के कारण होती है। छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण भाषा और साहित्य की अस्मिता की ताकत पर ही तो हुआ है। बंगाली भाषा से बंगाल की, उड़िया से उड़ीसा की, गुजराती से गुजरात की, मराठी से महाराष्ट्र की, ठीक वैसे ही छत्तीसगढ़ की पहचान है, छत्तीसगढ़ी भाषा। वैश्वीकरण की प्रक्रिया में छत्तीसगढ़ी सभ्यता और विशेष रूप से छत्तीसगढ़ी भाषा की जमीन हिल गई है। परिणाम, छत्तीसगढ़ की रामायण कालीन संस्कृति से लेकर छत्तीसगढ़ के जन सरोकार भी संकटग्रस्त हो गए हैं। छत्तीसगढ़ी भाषा के साथ राज्य में बोली जाने वाली अन्य सामान्य और आदिवासी बोलियां भी विलुप्त होने के कगार पर है। किसी व्यक्ति को पहचानना हो तो भाषा का ही सहारा होता है, रंग-रूप, चेहरे-मोहरे तो एक जैसे भी हो सकते हैं। भाषा ही विशेषताओं को पहचान देती है। मतलब सीधा सा है पंडवानी, ददरिया, कर्मा, सुवा जैसे सांस्कृतिक नाच, क्या बिना छत्तीसगढ़ी भाषा के संभव हैं? तमाम समस्याओं से जूझते हुए छत्तीसगढ़ में आज छत्तीसगढ़ी का मान रखने का प्रयास प्रशासन, राजनैतिक दल और आम जनता के द्वारा देखने को मिल रहा है। सरकार को छत्तीसगढ़ी भाषा को प्राथमिक स्तर से शुरूवात करने की दिशा में ठोस कदम बढ़ाना होगा। अभी प्राथमिक स्तर की कक्षाओं में कुछ छत्तीसगढ़ी के पाठ जरूर सम्मिलित किए गए हैं। छत्तीसगढ़ी भाषा के उन्नयन हेतु गठित छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के द्वारा समय-समय पर मंत्रालय में अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए छत्तीसगढ़ी भाषा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाता है। साथ ही आयोग द्वारा लगातार जिले के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए छत्तीसगढ़ी भाषा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हो रहा है। इन शिविरों में प्रशासनिक शब्दावली पर ज्यादा जोर दिया जा रहा है, ताकि छत्तीसगढ़ी राज काज की भाषा बन सके। इसका लाभ यह हुआ है कि अब अधिकारी और कर्मचारी छत्तीसगढ़ी भाषा में आवेदन और टीप लिखने की शुरूवात किए हैं, जो निश्चित रूप से प्रशंसनीय है। वर्तमान में राज्य के चार विश्वविद्यालय पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, पं. सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय और कुशाभाउ ठाकरे विश्वविद्यालय में एम.ए. छत्तीसगढ़ी का पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है। रोजगार उपलब्ध न होने के कारण समय के साथ इन पाठ्यक्रमों में विद्यार्थियों का दाखिला कम होता जा रहा है, यह दुखद है। ध्यान देने वाली बात यह है कि प्राथमिक कक्षाओं में छत्तीसगढ़ी शिक्षा चरणबद्ध रूप से नहीं दी जा रही है। छत्तीसगढ़ राज्य अपने गठन के रजत जयंती वर्ष में है, परंतु आज भी प्राथमिक कक्षाओं हेतु छत्तीसगढ़ी भाषा का निर्धारित प्रारूप में पाठ्यक्रम का निर्माण नहीं हो पाया है। जरूरत आज इस बात की है कि छत्तीसगढ़ी भाषा का प्राथमिक स्तर की कक्षाओं से लेकर पी.एच.डी. तक का एक व्यापक पाठ्यक्रम तैयार किया जाए, तभी छत्तीसगढ़ी की मूल भावना बची रह सकेगी और छत्तीसगढ़ की आत्मा भी। दूसरी और छत्तीसगढ़ी को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करवाने के लिए प्रशासनिक और राजनैतिक हलकों को भी जोर अजमाइश करनी होगी। प्रशासनिक स्तर पर भी कार्यालयीन व्यवहार में छत्तीसगढ़ी भाषा की प्राथमिकता को स्वीकार करना होगा। इसके लिए कार्यशालाओं का भी आयोजन करना आवश्यक होगा।

नए साहित्य सृजन के लिए छत्तीसगढ़ी भाषा में बहुत संभावना है, लेकिन मुद्रण प्रकाशन की जैसी सुविधाएं दूसरी भाषाओं के लिए उपलब्ध है, वैसी छत्तीसगढ़ी भाषा के प्रोत्साहन और विकास के लिए नहीं है। छत्तीसगढ़ी भाषा में लिखे गए रचनात्मक साहित्य के प्रचार-प्रसार के लिए पत्र-पत्रिकाएं भी अंगुलियों पर गिने जाने लायक हैं। हालांकि हालिया वर्षों में राज्य के सभी प्रमुख समाचार पत्र सप्ताह में एक दिन छत्तीसगढ़ी भाषा साहित्य पर एक पेज प्रकाशित कर रहे हैं। छपने की सुविधा होगी तो लिखने की प्रेरणा भी मिलेगी। पहले छत्तीसगढ़ी और आंचलिक साहित्य के लिए प्रदान किया जाने वाला पं. सुंदरलाल शर्मा राज्य अलंकरण अब हिंदी भाषा के कृतियों के लिए दिया जाने लगा है। ऐसे में राज्य शासन को और पुरस्कार-सम्मान स्थापित करने होगें, तभी छत्तीसगढ़ी भाषा का उत्कृष्ट सृजनात्मक मौलिक साहित्य सामने आएगा। छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के पहले की स्थिति का पुरातन आकलन करें तो ज्ञात होता है कि उस समय यहां के मूल छत्तीसगढिया भी अपनी भाषा-बोली छत्तीसगढ़ी को नहीं बोलते थे, क्योंकि जनमानस में इस बात की भ्रांति फैल गई थी कि ऐसा करने से उसे पिछड़ा समझा जाएगा। जब इस हद तक डर बैठ जाए तो कैसे छत्तीसगढ़ी का विकास हो सकता था? धीरे-धीरे राज्य निर्माण के पहले के दो दशकों में छत्तीसगढ़ी लोगों की जुबा से विस्मृत होती गई। आलम यह था कि स्कूलों में छत्तीसगढ़ी बोलने पर बच्चों को शिक्षक फ टकार लगाते थे। जिस घर का बच्चा हिन्दी में बात करता उसे ऊंचे दर्जे का माना जाता था। हिन्दी और अंग्रेजी भाषा के सामने अपने को बौना महसूस करता आम छत्तीसगढिया के आत्मा में ही रह गयी छत्तीसगढ़ी भाषा, जुबान पर न आ सकी। और भाषा विज्ञान के अनुसार भाषा का विकास अध्ययन-अध्यापन से अधिक मौखिक-वाचिक परंपरा से होता है। राज्य निर्माण के लंबे समय बाद 28 नवंबर 2007 को छत्तीसगढ़ी को बोली से भाषा का दर्जा मिला। इतने बरस बीत जाने के बाद भी आज भी छत्तीसगढ़ी भाषा न तो राजकाज की भाषा बन पायी और न लोक काज की।

*लेखक चिकित्सक एवं साहित्यकार हैं।*

# अहंकार ही अज्ञान है



संकलित
**दर्शन**

सूर्य वैसे तो सारे संसार को प्रकाश और ताप देता है, पर यदि वह मेघ से आच्छन्न हो जाए तो ऐसा नहीं कर पाता। इसी भांति जब तक हृदय अहंकार के आवरण से आच्छादित रहता है, तब तक उसमें भगवान प्रकाशित नहीं हो पाते। यह अहं मेघ की तरह है। इसी के कारण हम ईश्वर को नहीं देख पाते। यदि श्रीगुरु की कृपा से अहं-बुद्धि दूर हो जाए तो फिर ईश्वर के पूर्ण दर्शन हो जाते हैं। जैसे, सिर्फ ढाई हाथ की दूरी पर ही साक्षात पूर्णब्रह्म श्रीरामचंद्र जी हैं, किंतु बीच में सीता रूपिणी माया का आवरण होने के कारण लक्ष्मण जी रूपी जीव को ईश्वर राम के दर्शन नहीं होते। जीव का अहंकार ही माया है। यही अहंकार सब आवरण का मूल है। मैं के मरने पर ही सारा जंजाल दूर होगा। अगर किसी को ईश्वर की कृपा से मैं कर्ता नहीं हूं- यह ज्ञान हो जाए, तब तो वह जीवनमुक्त ही हो गया। फिर उसे किसी बात का भय नहीं। अगर मैं अपने को इस अंगोछे की ओट में कर लूं तो तुम मुझे नहीं देख सकते, पर मैं तुम्हारे बिल्कुल नजदीक ही हूं। इसी भांति और सभी चीजों की अपेक्षा ईश्वर ही तुम्हारे सबसे ज्यादा निकट है, किंतु अहं रूपी आवरण के कारण तुम उनके दर्शन नहीं कर सकते। जब तक अहंकार रहता है, तब तक न ज्ञान होता है, न मुक्ति मिलती है। हांडी में रखे पानी और चावल, दाल, आलू आदि को तब तक छुआ जा सकता है, जब तक हांडी आग पर नहीं रखी जाती। जीव की देह मानो हांडी है और धन, मान, विद्या, बुद्धि, जाति, कुल आदि मानों दाल, चावल, आलू की तरह हैं। अहंकार ही आग है, जिसके कारण ही जीव गरम (गर्वीला) होता है।

# मंत्र का असर



संकलित
**प्रेरणा**

एक निर्धन औरत एक साधु के पास गई, 'स्वामी जी! कोई ऐसा पवित्र मन्त्र लिख दीजिये जिससे मेरे बच्चों का रात को भूख से रोना बन्द हो जाये...।' साधु ने कुछ पल एकटक आकाश की ओर देखा फिर अपनी कुटिया में अन्दर गया और एक पीले कपड़े पर एक मन्त्र लिखकर उसे ताबीज की तरह लपेट-बाँधकर उस महिला को दे दिया। साधु ने कहा, 'इस मन्त्र को घर में उस जगह रखना, जहाँ अपनी मेहनत की कमाई का धन रखती हो।' महिला खुश होकर चली गई। ईश्वर कृपा से उस दिन उसके पति की आमदनी ठीक हुई और बच्चों को भोजन मिल गया। रात शान्ति से कट गई। अगले दिन भोर में ही उन्हें पैसों से भरी एक थैली घर के आंगन में मिली। थैली में धन के अलावा एक पर्चा भी निकला, जिस पर लिखा था, कोई कारोबार कर लें...। इस बात पर अमल करते हुवे उस औरत के पति ने एक छोटी सी दुकान किराए पर ले ली और काम शुरू किया। धीरे धीरे कारोबार बढ़ा, तो दुकानें भी बढ़ती गईं...। जैसे पैसों की बारिश सी होने लगी...। पति की कमाई तिजोरी में रखते समय एक दिन उस महिला की नज़र उस मन्त्र लिखे कपड़े पर पड़ी...। 'न जाने, साधु महाराज ने ऐसा कौन सा मन्त्र लिखा था कि हमारी सारी तंगी दूर हो गई?' सोचते सोचते उसने वह मन्त्र वाला कपड़ा खोल डाला...। जिस लिखा था कि.. जब पैसों की तंगी समाप्त हो जाये, तो सारा पैसा तिजोरी में छिपाने की बजाय कुछ पैसे ऐसे घर में डाल देना जहाँ से रात को बच्चों के रोने की आवाज़ें आती हों..!!

## अंतर्मन




### आज की पाती

**अन्याय कभी भी सहन मत करो**

यदि आज हम किसी अन्य के साथ हो रहे अन्याय का विरोध नहीं करते, तो यकीन मानिए एक दिन हम स्वयं भी उसी अन्याय का शिकार अवश्य ही होंगे। यही समय है, यही पल, यही क्षण है। ये इंतजार कभी भी नहीं कीजिए, कि केवल हमारे ही साथ कहीं कभी अन्याय होगा, तभी हम किसी सड़ी हुई विकृत व्यवस्था का विरोध करेंगे। फिर उस वक्त व्यर्थ के रुदन, रोने-धोने से कोई लाभ, कोई सकारात्मक प्राप्ति होना अत्यंत ही कठिन या संभवतः असंभव हो सकता है। एक बहुत प्रसिद्ध उक्ति है कि न्याय में देरी, लगभग अन्याय के ही बराबर है। देश, समाज, दुनिया में कहीं एक जगह, किसी एक के साथ हो रहा अन्याय, हर जगह अन्याय होना भी माना जा सकता है। आम तौर पर लोग अन्याय का विरोध नहीं करते हैं, जिसके परिणाम भयंकर होते हैं।

*- प्रवीण पांडे, धमतरी*

## ट्रेंड

### उत्कृष्ट परिणाम



टोक्यो में आयोजित 25वें डेफलंपिक्स 2025 में 9 स्वर्ण पदकों सहित 20 पदकों की ऐतिहासिक सर्वश्रेष्ठ पदक तालिका के साथ, हमारे एथलीटों ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि दृढ़ संकल्प और समर्पण से उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**


### शानदार फिल्म



सच्ची घटना पर आधारित '120 बहादुर' जैसी देशभक्ति की फिल्म हर सच्चे देशभक्त को देखनी भी चाहिए और दूसरों को देखने के लिए कहना भी चाहिए। जिससे नई पीढ़ी भी सैनिकों के बलिदान की गौरव गाथा से परिचित हो सके। अभिनेता से लेकर फिल्म से जुड़े हर पक्ष का काम सराहनीय है।

**- अखिलेश यादव, सपा नेता**


### कार्रवाई की ज़रूरत



निर्मम हत्या कर दिए गए दो राष्ट्रीय रक्षकों के परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदना। हमारी चरमराई व्यवस्था को सुधारने के लिए कितने निर्दोष लोगों की जान लेनी पड़ेगी? कठोर कार्रवाई की ज़रूरत है।

**- एलन मास्क, उद्योगपति**

### मेरे लिए बहुत कुछ



वह मेरे लिए बहुत कुछ थे। एक प्यारे पति, हमारी दोनों बेटियों, ईशा और अहाना, के लाड़ले पिता, दोस्त, दार्शनिक, मार्गदर्शक, कवि, हर मुश्किल घड़ी में मेरे लिए सबसे मददगार - दरअसल, वह मेरे लिए सब कुछ थे! हमेशा अच्छे-बुरे समय में मेरे साथ रहे।

**- हेमा मालिनी, अभिनेत्री**

## करंट अफेयर

# फ्रांस में नई स्वैच्छिक सैन्य सेवा की घोषणा करेंगे मैक्रों



यूरोपीय राष्ट्रों के लिए रूस के बढ़ते खतरे को देखते हुए फ्रांस ने अपनी सैन्य क्षमताओं को बढ़ाने का फैसला किया है। इसी उद्देश्य से राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों बृहस्पतिवार को नयी राष्ट्रीय स्वैच्छिक सैन्य सेवा योजना की घोषणा करेंगे। मैक्रों के फ्रांसीसी आल्प्स में वार्स सैन्य अड्डे पर जाने से पहले राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा कि वह 'बढ़ते खतरों के लिए राष्ट्र को तैयार करने की आवश्यकता' पर जोर देंगे। इस साल की शुरुआत में मैक्रों ने फ्रांसीसी युवाओं को स्वेच्छा से सैन्य सेवा में शामिल होने का एक नया विकल्प देने की मंशा जाहिर की थी। उल्लेखनीय है कि फ्रांस 1996 में अनिवार्य सैन्य भर्ती को समाप्त कर चुका है, और इसे दोबारा लागू करने पर विचार नहीं किया जा रहा है। मैक्रों ने कहा कि यूक्रेन में रूस के युद्ध ने यूरोपीय महाद्वीप को 'बड़े जोखिम' में डाल दिया है। उन्होंने मंगलवार को रेडियो आरटीएल को बताया, 'रूस को जिस दिन आपने कमजोरी का संकेत दिया, वह आगे बढ़ता ही रहेगा।' राष्ट्रपति ने अगले दो वर्षों में सैन्य खर्च में 6.5 अरब यूरो की अतिरिक्त वृद्धि की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य 2027 तक वार्षिक रक्षा खर्च को बढ़ाकर 64 अरब यूरो करना है, जो 2017 के खर्च का दोगुना होगा।

## ऑफ बीट

# कुत्ते खाना और खिलौने कैशिंग के लिए छुपाते हैं

क्या आपने कभी किसी कुत्ते को कंबल के नीचे, सोफे के पीछे, या घर के पिछले हिस्से में खोदे गए गड्ढे में अपना पसंदीदा खाना छुपाते हुए देखा है?



आपको लग सकता है कि वे किसी ऐसे व्यक्ति की तरह व्यवहार कर रहे होते हैं, जो प्रलय आने की आशंका से डरा हुआ हो, लेकिन कुत्ते आसन्न आपदा की चिंता में अपना खाना जमा नहीं कर रहे हैं। वे यह बता रहे हैं कि कैसे उनका विकासवादी अतीत आज भी आधुनिक व्यवहारों को आकार दे रहा है। यह दूरदर्शी रणनीति हमें एक अनोखी झलक देती है कि हम उन्हें अच्छी तरह जीने में कैसे मदद कर सकते हैं। कुत्ते भोजन, सामान और खिलौने क्यों छिपाते हैं– आपने 'कैशिंग' के बारे में सुना होगा, जिसका वैज्ञानिक अर्थ है भोजन को बाद में इस्तेमाल के लिए गुप्त स्थानों पर संग्रहित करना। यह व्यवहार गिलहरियों से लेकर कौवों और भेड़ियों तक, सभी जानवरों में व्यापक रूप से पाया जाता है। 'कैशिंग' व्यवहार सामान्यतः दो श्रेणियों में से आता है। इनमें से एक को 'लार्डर होर्डिंग' के नाम से जाना जाता है। इसे एक गिलहरी के उदाहरण से समझा जा सकता है, जो लंबी सर्दियों के दौरान एक या दो स्थानों पर मेवे जमा करके रखती है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## 25000 करदाताओं पर 30 फीसदी टैक्स की तलवार!

**हरिभूमि:नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने बृहस्पतिवार को कहा कि लगभग 25,000 करदाताओं के अधिक-जोखिम वाले मामलों को चिन्हित किया गया है जिनमें उन्होंने अपने आयकर रिटर्न में विदेशी परिसंपत्तियों का विवरण नहीं दिया है। विभाग ने कहा कि इन चिह्नित लोगों को 28 नवंबर से एसएमएस एवं ईमेल भेजना शुरू किया जाएगा और उन्हें दंडात्मक कार्रवाई से बचने के लिए 31 दिसंबर, 2025 तक संशोधित आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करने की सलाह दी जाएगी। दिसंबर मध्य से शुरू होने वाले अभियान के दूसरे चरण में दूसरे मामलों को भी शामिल करने के लिए इसका दायरा बढ़ाया जाएगा। ब्लैक मनी एक्ट के अनुसार, विदेशी संपत्तियां न बताने पर 10 लाख का जुर्माना लगाया जा सकता है। इसके अलावा 30% टैक्स और टैक्स देनदारी पर 300% पेनल्टी का प्रावधान है।

### बीजेपी विधायक ने लगाया सनसनीखेज आरोप

# 'शिंदे गुट के विधायक ने लिए थे 50 करोड़'

**एजेंसी ▶▶ मुंबई**

महाराष्ट्र में ऐसा लगता है कि भाजपा और शिंदे सेना में सब सही नहीं है। एक बीजेपी विधायक ने गुरुवार को सहयोगी शिवसेना के एक विधायक पर गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि 2022 में पार्टी टूटने के दौरान उद्धव ठाकरे गुट छोड़कर एकनाथ शिंदे गुट में जाने के लिए उस विधायक ने कथित रूप से पैसे लिए थे। भाजपा और एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना, अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) तीनो महायुति गठबंधन के तहत राज्य में सत्ता में हैं।

### बीजेपी का बड़ा आरोप

हिंगोली विधानसभा सीट से भाजपा विधायक तानाजी मुटकुले ने आरोप लगाया कि हिंगोली जिले की कलमनुरी सीट से शिवसेना विधायक संतोष बांगर ने 2022 में पाला बदलने के लिए 50 करोड़ रुपये लिए थे। हालांकि संतोष बांगर ने इस आरोप पर कोई जवाब नहीं दिया है। तानाजी मुटकुले ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि संतोष बांगर ने पहले लोगों से ठाकरे से दूरी न बनाने का आग्रह किया था, लेकिन रातोंरात उन्होंने अपना रुख बदल दिया।



### 2022 में हुआ था विद्रोह

जून 2022 में एकनाथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे के खिलाफ लगभग 40 विधायकों के साथ विद्रोह का नेतृत्व किया था। राजनीतिक संकट के दौरान "50 खोके, एकदम ठीक" (50 करोड़ रुपये, सब ठीक) का नारा खूब चला, जिसका मतलब है कि हरेक विधायक को पाला बदलने के लिए 50 करोड़ रुपये मिले। पिछले हफ्ते शिवसेना के अधिकांश मंत्रियों ने राज्य में स्थानीय निकाय चुनावों से पहले भाजपा द्वारा शिवसेना नेताओं और कार्यकर्ताओं को कथित तौर पर अपने पाले में करने के विरोध में मुंबई में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में आयोजित साप्ताहिक कैबिनेट बैठक में भाग नहीं लिया था।

### शिवसेना विधायक हमारे सहयोगी नहीं

तानाजी मुटकुले ने आरोप लगाते हुए कहा, "ऐसी चर्चाएं है कि उन्होंने पार्टी बदलने के लिए 50 करोड़ रुपये स्वीकार किए। मुझे यकीन है कि ये चर्चाएं सच होंगी क्योंकि वह बिना पैसे के कोई काम नहीं करते।" जब यह पूछा गया कि वह महायुति के सहयोगी विधायक के खिलाफ आरोप क्यों लगा रहे हैं तो तानाजी मुटकुले ने कहा कि संतोष बांगर उनके सहयोगी नहीं हैं और ना ही कभी होंगे, क्योंकि वे अलग-अलग विचारधाराओं के हैं।

### दावों की बताई हकीकत

## डील रद्द नहीं हुई, आर्मीनिया अपने लिए तेजस नहीं, एसयू-30 जेट चाहता है



**एजेंसी ▶▶ येरेवन**

दुबई में एयर शो के दौरान भारत के तेजस लड़ाकू विमान के क्रैश होने के बाद कई तरह की बातें सामने आई हैं। इनमें कई तेजस की डील से भी जुड़ी हैं। खासतौर से इजराइली मीडिया और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में दावा किया गया है कि दुबई क्रैश के बाद आर्मीनिया ने भारत से तेजस जेट खरीदने की बातचीत रोक दी है। हालांकि इन दावों में सच्चाई नहीं है। एक्सपर्ट ने बताया है कि आर्मीनिया अपने लिए तेजस नहीं एसयू-30 जेट चाहता है। कुछ प्लेटफॉर्म ने दावा किया है कि आर्मीनिया की भारत सरकार और एयरक्राफ्ट बनाने वाली कंपनी एचएएल के साथ 1.2 अरब में 12 तेजस खरीदने की डील कैंसिल हो गई है। यह दुबई एयरशो में तेजस फाइटर जेट के क्रैश होने के बाद हुआ है।

यह 24 सालों में इस एयरक्राफ्ट के हादसे का शिकार होने का दूसरा मामला है। खबरों के मुताबिक, दुबई में सिंगल-इंजन, 4.5-जेनरेशन का लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) एमके 1 हादसे का शिकार हुआ।

### गुट्टूम व नेण्ड्रा के जंगल में नक्सलियों ने बनाया था स्मॉरक

# कतार में बने नक्सलियों के स्मारक पर सुरक्षाबलों ने चलाया बुलडोजर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर**



बीजापुर जिले के बासागुड़ा थाना क्षेत्र स्थित गुट्टूम व नेण्ड्रा के जंगल में नक्सलियों के बनाए स्मॉरकों पर बासागुड़ा पुलिस ने बुलडोजर चलाते हुए ध्वस्त कर दिया है। इन स्मॉरकों के चलते जंगल में जाने वाले ग्रामीण दशहत में रहते थे अब इन स्मॉरकों के ध्वस्त होन के बाद ग्रामीणों ने भी राहत की सांस ली है। एसपी बीजापुर डॉ जितेन्द्र यादव के निर्देश पर जिले के अलग अलग थाना क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में बासागुड़ा थाना प्रभारी दीपक साहू के नेतृत्व में जवानों ने जंगलों में निर्मित 4 माओवादी स्मॉरक को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया है। सुरक्षाबलों ने महत्वपूर्ण अभियान चलाते हुए ग्राम गुट्टूम के जंगल में माओवादियों द्वारा कतार से निर्मित 3 स्मारकों को ध्वस्त कर दिया गया है। इसी तरह ग्राम नेण्ड्रा के जंगल में निर्मित एक अन्य माओवादी स्मारक को भी ध्वस्त किया गया।

### एरिया डॉमिनेशन के दौरान आईईडी ब्लास्ट महिला कमांडो घायल

**जगदलपुर।** सुकमा के फूलबगड़ी थाना क्षेत्र स्थित गोगुण्डा के जंगल क्षेत्र में एरिया डॉमिनेशन के दौरान आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आने से डीआरजी की महिला कमाण्डो गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला आरक्षक को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए हेलीकाप्टर से रायपुर एयरलिफ्ट किया गया। ब्लास्ट की चपेट में आने स आरक्षक के बाएं पैर व शरीर के अन्य हिस्से में चोट आई है, लेकिन उनकी स्थिति स्थित व खतरे से बाहर है।



**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय मुख्य अभियंता, गोदावरी कछार,**
**जल संसाधन विभाग, जगदलपुर (छ.ग.)**

**(प्रथम आमंत्रण निरस्तीकरण)**

सिस्टम निविदा क्र. 178133/निविदा सूचना क्र. 08/व.ले.लि./ 2025-26
दि. 28.10.2025

**कार्य का नाम** – सुकमा जिले के विकासखण्ड सुकमा के गीदम नाला पर गुट्टागुड़ा एनीकट कम काजवे निर्माण कार्य।
अनुमानित लागत- **रू. 206.71 लाख (जी.एस.टी. छोड़कर)**
उल्लेखित कार्य का निविदा आमंत्रण दिनांक 29.10.2025 को G-252604403 के माध्यम से समाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया है। अतः उक्त निविदा को निरस्त किया जाता है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, सुकमा
कृते मुख्य अभियंता गोदावरी कछार
जल संसाधन विभाग, जगदलपुर, छ.ग
G-252605063/4

**कार्यालय प्राचार्य**
**शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, कुरूद धमतरी, छत्तीसगढ़**
पता:- चरमुड़िया रोड, रेल्वे स्टेशन, कुरूद, जिला-धमतरी 493663
ई-मेल:- itikurud@rediffmail.com

क्रमांक/औ.प्र.सं/कु./स्थाप./मे.प्र./2025/2024
/ कुरूद, दिनांक 26/11/2025

**// विज्ञप्ति //**

जिला धमतरी छत्तीसगढ़ के विभिन्न शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में प्रशिक्षण सत्र 2025-26 के लिए व्यवसाय कोपा, ड्राफ्ट्समेन (सिविल), वर्कशॉप कैलकुलेशन एण्ड इंजीनियरिंग ड्राईंग, सोलर टेक्नीशियन, वेल्डर, सिविंग टेक्नोलॉजी एवं स्टेनो हिन्दी के प्रशिक्षण कार्य पूर्ण कराये जाने हेतु स्वीकृत पद के रिक्त पदों के विरूद्ध मेहमान प्रवक्ता ( गेस्ट लेक्चरर) के लिये आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में दिनांक 10.12.2025 को समय प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक आमंत्रित किये जा रहे है इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कुरूद में निर्धारित समयावधि में स्वयं उपस्थित होकर जमा कर सकते है।
02/- विज्ञापन विवरण जिला धमतरी की वेबसाईट एवं संस्था के सूचना पटल पर देखा जा सकता है।

प्राचार्य / नोडल अधिकारी
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था
कुरूद, जिला-धमतरी (छ.ग.)
G- 252605090/2

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, डालटनगंज**

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के द्वारा निर्गत कोटेशन आमंत्रण सूचना, जिसका पी0आर0 नं0–PR 366273 Building(25-26).D है पर NIQ के कंडिका **(7)** में अंकित **Daltonganj, District.** के जगह पर **Ranchi/Daltonganj District.** पढ़ा जाय।
शेश शर्ते यथावत रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता,
PR 367213 District(25-26)#D भवन प्रमण्डल, डालटनगंज

**कार्यालय आयुक्त**
**आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास ब्लाक-डी,**
**भू-तल, इन्द्रावती भवन, अटल नगर नवा रायपुर छत्तीसगढ़**
Phone No. 0771-2263708, Fax No.-2262558,
www.tribal.cg.gov.in, Email- ctd.cg@nic.in

क्रमांक/07/पीएमटी-पीईटी/2025-26/9773 नवा रायपुर दिनांक 25/11/2025

**-:: सूचना::-**
**प्री०मेडिकल एवं प्री० इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा की तैयारी हेतु पात्र अभ्यर्थियों का प्राक्चयन परीक्षा दिनांक 02.12.2025 के संबंध में सूचना**
----000----

युवा कैरियर निर्माण योजना 2009 (यथा संशोधित वर्ष 2021) की कंडिका 03 अनुसार प्री० मेडिकल एवं प्री० इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा की तैयारी हेतु अभ्यर्थियों के चयन के लिए जिला स्तर पर आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। जिलो से परीक्षण उपरांत पात्र पाये गये अभ्यर्थियों का प्राक्चयन परीक्षा दिनांक 02.12.2025 दिन मंगलवार को समय दोपहर 12:00 से 02:00 बजे तक प्रयास बालक आवासीय विद्यालय, सड्डू, उरकुरा मार्ग, रायपुर (छ०ग०) में परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है।

अतः सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है कि प्राक्चयन परीक्षा में शामिल होने हेतु पात्र अभ्यर्थियों की सूची विभागीय वेबसाईट www.tribal.cg.gov.in पर अपलोड है। साथ ही इसी वेबसाईट पर प्रवेश पत्र डाउनलोड कर अपना रोल नंबर, स्वयं सत्यापित फोटो तथा संपूर्ण विवरण भरकर स्वयं परीक्षा केन्द्र पर लावे।

(अध्यक्ष द्वारा अनुमोदित) उपायुक्त
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
नवा रायपुर अटल नगर छत्तीसगढ़
G-252605056/1

# युद्ध की आग में जल रहे हैं दुनिया के 100 देश भारत बना रहा विश्व की सबसे ताकतवर सेना!

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

भारतीय सेना में होंगे अहम बदलाव! जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने तय किए 4 टारगेट



भारतीय सेना को भविष्य के लिए तैयार करने के लिए जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने चार अहम लक्ष्य तय किए हैं। उन्होंने 2047 तक तय किए गए इन 4 टारगेट को सप्रिंगबोर्ड कहा है, जो आने वाले सालों में सेना में बड़े बदलाव लाएंगे। गुरुवार को दो दिवसीय चाणक्य डिफेंस डायलॉग के उद्घाटन के मौके पर उन्होंने बताया कि ये चारों लक्ष्य 2047 तक सेना को बदलने की तीन चरणीय योजना का हिस्सा होंगे। जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने बताया कि सेना को सशक्त करने के लिए पहला लक्ष्य आत्मनिर्भरता और स्वदेशीकरण के माध्यम सशक्तिकरण है। जिसके नतीजे रक्षा निर्माण, अंतरिक्ष में उपलब्धियां और सैन्य तकनीक को सेना द्वारा तेजी से अपनाने में दिख रहे हैं। जबकि सप्रिंगबोर्ड में दूसरा टारगेट इनोवेशन है।

इसके अलावा आर्मी चीफ ने कहा कि दुनिया में कई दशकों तक विश्वयुद्ध के बाद शांति थी, लेकिन अब शांति धीरे-धीरे खत्म होने वाली है।

उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में दुनिया में 50 से अधिक संघर्ष चल रहे हैं, जिसका मतलब है कि दुनिया के आधे देश सेमी और फुल स्केल वॉर के करीब हैं या वॉर में हैं। जनरल ने कहा कि ऐसे में शायद यह कहना भी कमतर होगा कि हम एक अशांत समय में जी रहे हैं।

**Office of the Registrar, Cooperative Societies, Jharkhand**

**TENDER NOTICE**

**Tender for Selection of WINDS Implementation Partners (WIP) for setting up of Automatic Weather Station (AWS) at Block level and Automatic Rain Gauge (ARG) at Gram Panchayat (GP)**

No. 274, dated: 24-11-2025

Selection of WINDS Implementation Partners (WIP) to set up a network of Automatic Weather Station (AWS) at Block level and ARG at Gram Panchayat (GP) level.

The Nodal Office B-PMFBY, Office of the Registrar Cooperative Societies, Government of Jharkhand invites quotations from experienced agencies for installation of Automatic Weather Station (AWS) at Block level and ARG at Gram Panchayat (GP).

All empaneled agencies are mandated to get enrolled on https://jharkhandtenders.gov.in in order to download the tender documents and participate in the subsequent bidding process.

The Tender Document can be uploaded online on https://jharkhandtenders.gov.in/.

Last date and time for online submission of tender is 15-12-2025, 02:00 PM

Sd/-
Nodal Officer B-PMFBY
Office of the Registrar, Cooperative Societies,
Jharkhand, Ranchi.
PR 367132 Co-opretive(25-26)#D

### 'एक्स गड़बड़ी' कांग्रेस ने भाजपा पर साधा निशाना

**हरिभूमि ब्यूरो. नई दिल्ली।** 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर विभिन्न अकाउंट्स की लोकेशन गलती से विदेश में दिखने को लेकर कांग्रेस ने आज भारतीय जनता पार्टी पर कड़ा प्रहार किया और इसे "अज्ञानता व झूठ का मिश्रण" करार दिया। कांग्रेस ने भाजपा पर आरोप लगाया कि वह तकनीकी गड़बड़ी को मुद्दा बनाकर असली समस्याओं से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने एआईसीसी मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा पर कई गंभीर आरोप लगाए।

### अरावली पहाड़ियों की नई परिभाषा पर विवाद

**हरिभूमि ब्यूरो. नई दिल्ली।** देश की प्राचीन अरावली पर्वतमाला को लेकर केन्द्र सरकार द्वारा प्रस्तावित नई परिभाषा ने बड़ा विवाद खड़ा कर दिया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व पर्यावरण मंत्री जयराम रमेश ने आरोप लगाया है कि पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की यह नई परिभाषा "अरावली बचाने" के बजाय "उसके विशाल हिस्से को अरावली की श्रेणी से बाहर कर देने" की कवायद है।

**छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग**
**नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.)**

क्रमांक/1231/ADV/469/2025 नवा रायपुर, दिनांक : 26/11/2025

**संक्षिप्त विज्ञापन**
**राज्य सेवा परीक्षा - 2025**

1. छत्तीसगढ़ शासन के विभिन्न विभागों से प्राप्त मांग-पत्रों के आधार पर राज्य सेवा परीक्षा- 2025 के कुल 238 रिक्त पदों की पूर्ति हेतु छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करने के लिए विज्ञापन क्रमांक 06/ 2025/ परीक्षा/ दिनांक 26/11/2025 जारी किया गया है। छत्तीसगढ़ संवाद के समाचार पत्र "**रोजगार और नियोजन**" के अंक दिनांक 03/12/2025 में विज्ञापन एवं अन्य जानकारी प्रकाशित होगी ।
2. उपरोक्त विज्ञापित पदों की आवश्यक अर्हताएं, आयु सीमा, शुल्क, निर्देश, राज्य सेवा परीक्षा नियम, परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी "**रोजगार और नियोजन**" के अंक दिनांक 03/12/2025 में देखी जा सकती है।
3. उपर्युक्त पद हेतु आवेदकों की अर्हता निर्धारण के लिए उच्चतर आयु एवं आयु में छूट की गणना की निर्धारित तिथि **1 जनवरी 2025** है जिसके संदर्भ में ही आयु की गणना की जाएगी।
4. **राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा दिनांक 22/02/2026 पूर्वान्ह 10:00 बजे से मध्यान्ह 12:00 बजे तक तथा अपरान्ह 3:00 बजे से 5:00 बजे तक होगी।**
5. ऑनलाइन आवेदन दिनांक 01/12/2025 मध्यान्ह 12:00 बजे से दिनांक 30/12/2025 रात्रि 11:59 बजे तक किया जा सकता है।
6. आयोग के वेब-साईट **www.psc.cg.gov.in** में भी विज्ञापन एवं विस्तृत जानकारी देखी जा सकती है।
7. आवदेक, उपरोक्त पदों हेतु आयोग के विज्ञापन क्र. 06/2025/परीक्षा/ दिनांक 26/11/2025 प्रकाशन दिनांक 03/12/2025 में उल्लेखित कंडिकाओं के अनुसार ही ऑनलाइन आवेदन करें।
8. रोजगार और नियोजन का उक्त अंक छत्तीसगढ़ संवाद के निम्न पते से भी प्राप्त किया जा सकता है:- संपादक, रोजगार और नियोजन, छत्तीसगढ़ संवाद, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, अटल नगर, नवा रायपुर, छत्तीसगढ़ दूरभाष 0771-2512567

सही/-
सचिव, छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग
नवा रायपुर अटल नगर
G-252605067/2





बच्चो, पहाड़ यानी माउंटेन हमारी पृथ्वी पर मौजूद विशाल, प्राकृतिक रूप से उठी हुई भौगोलिक संरचना होती है। ये हजारों लाखों साल से स्थिर खड़े हैं। दुनिया में एक से बढ़कर एक ऊंचे और खूबसूरत पहाड़ मौजूद हैं। जानो ऐसे ही कुछ खूबसूरत-ऊंचे पहाड़ों और पर्वत चोटियों के बारे में।


जानकारी

शिखर चंद जैन

# दुनिया के ऊंचे-ऊंचे खूबसूरत पर्वत-शिखर

बच्चो, आसमान को चूमते, बादलों को सहलाते हुए से ऊंचे-ऊंचे पहाड़ बहुत खूबसूरत ही नहीं आश्चर्यजनक भी लगते हैं। इनके बर्फीले शिखर, हरी-भरी वादियों से सजी चढ़ाई और बेशुमार पेड़-पौधों से ढंकी घाटियां, हर किसी का मन मोह लेती हैं। यहां तुम्हें दुनिया के कुछ खूबसूरत-ऊंचे पर्वत शिखरों के बारे में बता रहे हैं।

**सर्वोच्च पर्वत शिखर माउंट एवरेस्ट, हिमालयः** माउंट एवरेस्ट दुनिया का सबसे ऊंचा पर्वत शिखर है। इसकी ऊंचाई लगभग 8,848.86 मीटर (29,031.7 फीट) है। नेपाल और चीन की सीमा पर स्थित हिमालय के इस पर्वत शिखर को 'पृथ्वी का तीसरा ध्रुव' भी कहा जाता है। माउंट एवरेस्ट हिमालय पर्वत श्रृंखला का हिस्सा है। इसे नेपाली में 'सागरमाथा' कहते हैं, जिसका अर्थ 'आकाश की देवी' है। तिब्बती भाषा में इसे 'चोमोलुंगमा' नाम से पुकारा जाता है, जिसका अर्थ है 'विश्व की देवी मां'। इसकी बर्फ से ढंकी चोटियां सूरज की रोशनी में जब चमकती हैं तो दूर से देखने पर किसी रत्नजड़ित सफेद मुकुट-सी दिखती हैं। अपनी ऊंचाई और खूबसूरती के कारण माउंट एवरेस्ट पर्यटकों और पर्वतारोहियों के आकर्षण का केंद्र हमेशा से रहा है।




भारत की सर्वोच्च और दुनिया की तीसरी सबसे ऊंची पर्वत चोटी कंचनजंगा



आसान नहीं के2-गॉडविन ऑस्टेन पर चढ़ाई करना

**खतरनाक चढ़ाई वाला के2-गॉडविन ऑस्टेन, काराकोरमः** पाकिस्तान और चीन की सीमा पर स्थित के2 दुनिया की दूसरी सबसे ऊंची पर्वत चोटी है। इसकी ऊंचाई लगभग 8,611 मीटर (28,251 फीट) है। यह अपनी सुंदरता के लिए जितना जाना जाता है, उतना ही अपनी खतरनाक चढ़ाई के लिए भी। इसे 'सेवेज माउंटेन' भी कहा जाता है। के2 की चोटी एक पिरामिड जैसी दिखती है और यह काराकोरम रेंज में स्थित है। इसके चारों ओर ग्लेशियर और बंजर जमीन का नजारा इसे दुनिया के अन्य पर्वत श्रृंखलाओं से अलग रूप प्रदान करता है। पाकिस्तान में विशाल बाल्टोरो ग्लेशियर पर चढ़कर इसके आधार तक पहुंचने के क्रम में यह कई मील दूर से दिखाई देता है। जैसे-जैसे पर्वतारोही इसके करीब पहुंचते हैं, यह पर्वत और भी अद्भुत और खूबसूरत नजर आता है।

**भारत की सर्वोच्च पर्वत चोटी कंचनजंगा, हिमालयः** भारत और नेपाल की सीमा पर स्थित कंचनजंगा भारत की सबसे ऊंची पर्वत चोटी और दुनिया की तीसरी सबसे ऊंची चोटी है। इसकी ऊंचाई लगभग 8,586 मीटर (28,169 फीट) है। इसका नाम तिब्बती मूल के चार शब्दों 'कांग-चेन-जो-नगा' से मिलकर बना है, जिसका अर्थ है 'महान हिम की पांच निधियां।' ऐसा माना जाता है कि इसमें सोना, चांदी, रत्न, अनाज और पवित्र पुस्तकें छिपी हुई हैं। यह पहाड़ अपनी बदलती रंगत के लिए जाना जाता है, सुबह और शाम के समय, सूरज की किरणें इसकी चोटियों को गुलाबी, नारंगी और सुनहरे रंगों से रंग देती हैं, जो देखने में बहुत ही जादुई लगता है।



अफ्रीका का सर्वोच्च पर्वत किलिमंजारो

**पिरामिड जैसा पहाड़ मैटरहॉर्न, आल्प्सः** स्विट्जरलैंड और इटली की सीमा पर स्थित मैटरहॉर्न, आल्प्स पर्वत का एक हिस्सा है। इसकी ऊंचाई लगभग 4,478 मीटर (14,692 फीट) है। इसकी चोटी एक नुकीले पिरामिड की तरह दिखती है, बिल्कुल वैसा ही जैसा तुम बच्चे ड्रॉइंग में माउंटेन बनाते हो। इसकी आकृति चारों तरफ से पिरामिड की तरह ही दिखती है, जो इसे और भी अट्रैक्टिव बनाता है। स्विट्जरलैंड के जर्मेट गांव से अगर इस पहाड़ को देखा जाए तो इसका नजारा किसी पहाड़ की पेंटिंग जैसा खूबसूरत लगता है। इसकी खूबसूरती को देखने दुनिया भर के पर्यटक और प्रकृतिप्रेमी इसके करीब आते हैं।



अत्यधिक खूबसूरत नजर आता है मैटरहॉर्न

**सुप्त ज्वालामुखी पर्वत किलिमंजारोः** तंजानिया में स्थित किलिमंजारो की ऊंचाई लगभग 5,895 मीटर (19,341 फीट) है। यह अफ्रीका का सबसे ऊंचा पर्वत है, जो वास्तव में एक विशाल सुप्त ज्वालामुखी है। इसकी चोटी पर हमेशा बर्फ जमी रहती है। यह अपनी चोटी पर मौजूद ग्लेशियरों के लिए प्रसिद्ध है, जबकि इसके चारों ओर गर्म अफ्रीकी मैदान हैं। हेलीकॉप्टर से किलिमंजारो के क्रेटर (ज्वालामुखी का मुंह) और ग्लेशियरों का नजारा बेहद खूबसूरत दिखता है। *



टियरगार्टन शॉनब्रुन जू, ऑस्ट्रिया

# कैसे होते थे दुनिया के शुरुआती चिड़ियाघर

बच्चो, जू यानी चिड़ियाघर एक ऐसी जगह होती है, जहां तुम एक ही बाउंड्री के भीतर तरह-तरह के एनिमल्स और बर्ड्स देख सकते हो। क्या तुम जानते हो कि दुनिया का पहला जू कैसा था या शुरुआती चिड़ियाघर कैसे होते थे?

रोचक

नयनतारा

बच्चो, अगर तुम्हें वाइल्ड लाइफ यानी जंगली जीव-जंतुओं को देखने, उनके बारे में जानने में इंटरेस्ट है तो तुम अपने शहर या आस-पास के किसी शहर में जू यानी चिड़ियाघर जरूर घूमने गए होगे। जू में तुम ऐसे अनेक जंगली और दुर्लभ जानवरों को एकदम सामने से देख सकते हो, जिन्हें तुमने किताबों में या टीवी पर देखा होगा। लेकिन क्या तुम जानते हो दुनिया में इस तरह जू बनाने की शुरुआत कब और किसने की थी? आओ इस बारे में जानते हैं।

**पहला जू था-इंटेलिजेंस पार्कः** बच्चो, लगभग 3000 साल पहले एक चीनी बादशाह अपने राज्य में एक स्थान पर कई तरह के जानवरों को रखता था, जिसे वह 'इंटेलिजेंस पार्क' कहता था। उस चीनी राजा के कलेक्शन में जीवित जानवर ही थे या मृत, इसका प्रमाण नहीं मिलता है। ज्यादातर लोगों का यही मानना है कि वह राजा, जानवरों का अध्ययन करने के लिए और उनकी आदतें जानने के लिए उनको पालता था। इस लिहाज से देखा जाए तो शायद वही संसार का पहला जू था। आज भी जू में वाइल्ड एनिमल्स, बर्ड्स व रेप्टाइल्स (रेंगने वाले जीव) रखे जाते हैं, ताकि लोग उन्हें देखें-जानें और वैज्ञानिक उनका अध्ययन कर सकें।

**मनोरंजन का साधन थे पर्सनल जूः** समय बीतने के साथ गांव और शहर बड़े होते गए तो कुछ लोग जंगली जानवरों का शिकार कर या उन्हें कैदकर अपने घरों में लाकर रखते थे। लोग जंगली जानवरों को अकसर अपने पास पालते थे ताकि दिखाया जा सके कि वह कितने रईस और शक्तिशाली हैं। ऐसे लोग कभी-कभार लोगों को परमिशन देते थे ताकि लोग आकर उनके जानवरों का कलेक्शन देख सकें।

**पब्लिक जू बनाने की शुरुआतः** यूरोप में 9वीं शताब्दी की शुरुआत से ही पब्लिक जू बनने लगे थे। अगले 700 से 800 वर्षों के दौरान संसार के बड़े शहरों में कई सारे पब्लिक जू का निर्माण किया गया। वैसे, ऑस्ट्रिया के वियना में स्थित टियरगार्टन शॉनब्रुन को दुनिया का पहला आधुनिक चिड़ियाघर माना जाता है। यूनेस्को के विश्व धरोहर सूची में शामिल यह चिड़ियाघर आज भी संचालित है। जहां तक संसार के सबसे बड़े और मशहूर चिड़ियाघरों की बात है तो इनमें टोरंटो जू (कनाडा), मॉस्को जू (रूस), सैन डिएगो जू (यूएसए), लंदन जू (इंग्लैंड), वेस्ट बर्लिन जू (जर्मनी) आदि शामिल हैं। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

# समझदार बनाती कहानियां



बच्चो, हाल में बाल कहानियों की एक किताब 'बाल सभा पार्क एवं अन्य बाल कहानियां' छपकर आई है। इसमें कुल जमा 27 कहानियां हैं। ये कहानियां हैं तो छोटी लेकिन इसमें तुम्हें समझदार इंसान बनने के लिए सरल ढंग से कई बड़ी बातें सीखने को मिल सकती हैं। किताब की शीर्षक कहानी 'बाल सभा पार्क' में तुम पढ़ोगे कि कैसे समझदार बच्चा अनुभव, अपनी युक्ति से कॉलोनी के पार्क को साफ-सुथरा करके खेलने योग्य बना देता है। 'ऐसे उतरा रील का भूत' में टिंकू की रील बनाने की आदत कैसे छूटती है, यह पढ़ सकते हो तो 'इम्यूनिटी से मुलाकात' में तुम पढ़ोगे कि अवि को कैसे समझ में आता है कि इम्यूनिटी मजबूत बनाने के लिए क्या करना चाहिए? इसी तरह संग्रह की अन्य कहानियां पढ़कर तुमको यह भी महसूस होगा कि भले ही तुम अभी छोटे हो लेकिन अगर चाहो और सही दिशा में प्रयास करो तो बड़े बदलाव ला सकते हो। साथ ही दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित कर सकते हो। *

**किताब**: बाल सभा पार्क एवं अन्य बाल कहानियां, **लेखक**: शिखर चंद जैन, **मूल्य**: 300 रुपए, **प्रकाशक**: प्रखर गूंज पब्लिकेशन, दिल्ली

## बूझो तो जानें



1
घर की रखवाली करता है,
वफादार कहलाता।
है मशहूर नींद इसकी तो,
देखें कौन बताता।।

2
गोलमटोल मगर छोटा सिर,
रंग है हल्का पीला।
काले धब्बे दिखते तन पर,
लेकिन खूब सजीला।।

3
'मामा' कहकर इसे बुलाते,
रंग सुनहरा भूरा।
पेड़ों की डाली पर बैठा,
करता सबको घूरा।।

- डॉ. घमंडीलाल अग्रवाल




उत्तर: 1.कुत्ता, 2.चीता, 3.बंदर

## जीके क्विज-181



1. वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप फाइनल में पहला स्वर्ण पदक किस भारतीय खिलाड़ी ने जीता?
2. मिस यूनिवर्स-2025 का खिताब किसने जीता?
3. एशियाई विकास बैंक का मुख्यालय किस देश में स्थित है?
4. बटरफ्लाई शब्द का संबंध किस खेल से है?
5. कौन-सा रंग रेनबो के बीच में दिखाई देता है?
6. जीवाणु (बैक्टीरिया) की खोज किसने की थी?
7. कंचनजंघा राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में स्थित है?
8. 'लोकनायक' के नाम से किसे जाना जाता है?
9. बल का मात्रक क्या है?
10. भारत का दक्षिणतम बिंदु किस नाम से जाना जाता है?



**बच्चो, जीके क्विज-181 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-180 का उत्तर :** 1.डेविड स्जेले, 2.नई दिल्ली, 3.नीतीश कुमार, 4.लखनऊ, 5.लॉर्ड डलहौजी, 6.नारायण पंडित, 7.विटामिन-ए, 8.सूर्य, 9.इंफाल, 10.तमिलनाडु

**जीके क्विज-180 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, ओमदेव-मुंगेली, मान्या-दिल्ली, रमेश-बैकुंठपुर, दीपक-ईमेल से, हितेश-रायपुर, सौरभ-बिलासपुर, आंचल-दुर्ग, रोहन-महेंद्रगढ़, अंकित-रोहतक, आकाश-राजनांदगांव




नन्हे-मुन्नों के लिए कहानी

पुष्पा अंताणी

टिंकू ने घर में टंगी एक तस्वीर में समंदर में चलने वाला पानी का जहाज देखा। उसका मन हुआ, वह समुद्री जहाज में बैठकर सैर करे। टिंकू ने तुरंत समुद्री जहाज की व्यवस्था की। उसने स्वयं तो सैर की ही, अपने खिलौनों को भी सैर कराई। बच्चो, है ना अजीब बात! टिंकू के घर में कहां से आ गया समुद्र और समुद्री जहाज?

# जहाज में सवारी



नन्हा-सा टिंकू अपनी मम्मी के पास बैठकर दूध पी रहा था। उसकी नजर दीवार पर टंगी एक तस्वीर पर पड़ी। दूध का घूंट पीते हुए उसने तस्वीर की ओर इशारा करते हुए पूछा, 'मम्मी, यह क्या है?'

'यह पानी का जहाज है।' मम्मी ने बताया। 'मम्मी, क्या पानी का जहाज समंदर में चलता है?' टिंकू ने पूछा।

'हां, बेटा।' मम्मी बोलीं।

'मुझे समंदर बहुत पसंद है, मम्मी। मुझे जहाज में बैठना है।' टिंकू मचलते हुए बोला। 'बेटा, तुम अभी बहुत छोटे हो, बड़े हो जाओ तब जहाज में बैठना।' मम्मी ने दूध का गिलास नीचे रखते हुए समझाया। 'मम्मी, क्या बड़ा होने में ज्यादा समय लगता है?' टिंकू ने नया सवाल किया। 'नहीं रे, तुम तो अच्छे बच्चे की तरह दूध पी लेते हो। तुम जल्दी बड़े हो जाओगे। अब जाओ, अपने खिलौनों से खेलो।' मम्मी टिंकू के गाल पर प्यार से चपत मारते हुए बोलीं। टिंकू ने प्लास्टिक की थैली से अपने सारे खिलौने बाहर निकाले। उसके पापा कल ही छोटे-छोटे खिलौने लाए थे। तोता, चिड़िया, बंदर, मोर, बाघ, जिराफ, गैंडा, शेर जैसे कई जानवर और पक्षी थे। टिंकू खुशी से अपने इन नए दोस्तों को देख रहा था। उसे लगा कि वे सब उसे कह रहे हैं, 'हमें जहाज में बैठना है।' सबका एक साथ शोर सुनाई दिया। टिंकू अपने कानों पर हाथ रखते हुए बोला, 'शांत हो जाओ सब! मैं तुम सबको जहाज में बिठाऊंगा।' तभी दादाजी सैर करके घर में आए। टिंकू उनके पास भागकर आया। दादाजी के हाथ में एक बड़ा कागज देते हुए बोला, 'दादाजी, इस कागज से मेरे लिए एक बड़ी-सी बोट बना दो ना! बहुत बड़ी बोट।' दादाजी बोट बनाने लगे। टिंकू बाथरूम में गया, वहां से एक टब ले आया। उसमें पानी भरा। दादाजी ने बोट बनाकर टिंकू को दे दी। टिंकू ने बोट अपने खिलौनों को दिखाई। 'देखो, यह है हमारा जहाज।' उसने खिलौनों को टब में भरा पानी दिखाया और बोला, 'यहां है समंदर... चलो, सब तैयार हो जाओ। मैं तुम सब को जहाज में घुमाने ले जाऊंगा। रास्ते में खाने के लिए नाश्ता भी ले आता हूं।'

टिंकू मम्मी के पास जाकर सेव, मुरमुरे, चॉकलेट, बिस्कुट, बेर वगैरह ले आया। सब कुछ नाश्ते के डिब्बे में रख दिया फिर बोट को टब के पानी में उतारा। उसमें सब खिलौने को अच्छी तरह से बैठा दिया। टिंकू अपनी एक अंगुली से कागज की बोट को हल्का-हल्का धक्का मारने लगा। टब के पानी में गोल-गोल घुमाने लगा। टिंकू को लगा कि उसके सब दोस्त बहुत खुश हैं, नाच रहे हैं। उसने टब को थोड़ा धक्का मारा। पानी थोड़ा उछला। खिलौने भी एक-दूसरे पर गिरे। टिंकू ने खिलौनों को सावधान किया, 'शरारत मत करो। अभी समंदर थोड़ा तूफानी है। सब अपनी जगह बैठे रहो।'

टिंकू को लगा कि उसकी बात सुनकर सब खिलौने जरूरत से ज्यादा शांत हो गए हैं। इसलिए वह बोला, 'अब डरने की कोई बात नहीं है। समंदर शांत हो गया है।' सब खुश हो गए। टिंकू ने बोट के छह-सात चक्कर लगाने के बाद उसे रोक दिया और बोला, 'तुम सबको भूख लगी होगी ना, चलो, थोड़ा नाश्ता खा लो।'

टिंकू ने सब खिलौने बोट से बाहर निकाले और बोला, 'संभल कर उतरना, किसी का पैर फिसला तो सीधे समंदर में गिरोगे। यहां समंदर काफी गहरा है।' टिंकू ने सभी खिलौने के सामने नाश्ता रखा। उसने भी नाश्ता किया। थोड़ी देर सब ने आराम किया। फिर टिंकू बोला, 'चलो, अब वापस लौटने का समय हो गया है।' सभी दोस्तों को फिर से बोट में बिठा दिया। बोट को उल्टी दिशा में चलाने लगा। थोड़े चक्कर लगाने के बाद वह बोला, 'वापस आ गए।' टिंकू ने देखा कि उसके सब दोस्त बहुत खुश हैं। हर कोई मानो उसे कह रहा हो, 'वाह, टिंकू भैया! जहाज में बैठने और घूमने में बड़ा मजा आया। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद!'

टिंकू सारे खिलौनों को प्लास्टिक की थैली में वापस डालते हुए बोला, 'जब मैं बड़ा हो जाऊंगा, तब एक बड़े और सचमुच के जहाज में बैठूंगा और बड़े समंदर में घूमने जाऊंगा।' टिंकू आज बहुत खुश था। *

**गुजराती से अनुवादः सेतु अंताणी**

कविता / गिरिजा कुलश्रेष्ठ

# मोती ये कैसे हैं


बड़े सबेरे मुनियां रानी
मां को लगी जगाने।
देखो हरी घास पर बिखरे
मोती बड़े सुहाने।
मां ये मोती कितने सुंदर,
चमचम चमक रहे हैं।
सूरज की लाली में कैसे,
दमदम दमक रहे हैं।
रातों-रात भला किसने,
ये मोती यूं बिखराए।
इससे पहले कोई और
इन्हें चुनकर ले जाए,

मैं ही चुन लूं क्यों न इन्हें
मां, अपना हार बनाने,
गुड़िया को भी माला कंगन,
बना-बना पहनाने।
कुछ तुम भी अपनी चुनरी में
टांक सजा लेना मां,
जूड़े की पिन में ये मोती
खूब लगा लेना मां।
मुनियां मोती चुनने आई,
हंस कर और हुलस कर।
पर मोती कैसे थे जो,
छूते ही गिरे पिघल कर।



## रंग भरो-190

**रंग भरो-190** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





रितेश, मटियारी



आशना, जांजगीर



भव्य, धमतरी



माही, महासमुंद



फरहान, धमतरी



काव्या, रायपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

आद्या-उमरिया, प्रियंका-रायपुर, प्रवीण-भोपाल, किंशुक-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, रोशन-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, तुषार-करनाल, अमन-बिलासपुर, आकाश-कोरबा

## रंग भरो 191



बच्चो, यहां पेंटिंग बना रही लड़की टीना का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

मंईयां सम्मान ₹2500

अधिवक्ताओं और राज्यकर्मियों के लिए स्वास्थ्य बीमा

झारखण्ड राज्य विस्थापन एवं पुनर्वास आयोग का गठन

रांची में हाईटेक फ्लाईओवर

झारखण्ड फ़्लाईंग इंस्टिट्यूट शुरु

520 बेड बहुमंजिला छात्रावास का निर्माण शुरु

महिला महाविद्यालय, डिग्री कॉलेज एवं राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों के निर्माण की स्वीकृति

पहले मिल्क पाउडर प्लांट की आधारशिला

फूलो झानो आशीर्वाद अभियान से 40 हजार महिलाओं को करोड़ों रुपए की मदद

2 लाख 80 हजार से अधिक SHGs को ₹17,374 Cr क्रेडिट लिंकेज

हजारों स्टूडेंट्स को गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड का लाभ

पलाश ब्रांड से ₹56.47 Cr का व्यापार

झारखण्ड 25 अनंत संभावनाओं की ओर

भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती एवं रजत पर्व पर भव्य आयोजन

राजस्व निरीक्षक, स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक, सहायक शिक्षक, प्रयोगशाला सहायकों, स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक, चिकित्सा पदाधिकारियों, विधि सहायक आदि अंतर्गत विभिन्न विभागों में हजारों नियुक्तियां

मुख्यमंत्री फेलोशिप योजना

खूंटी, चाईबासा एवं चांडिल में BAR COUNCIL BULIDING का शिलान्यास

मानकी मुंडा छात्रवृत्ति योजना

स्कूलों में STEM एवं SCIENCE लैब की स्थापना

राज्य में नए 800 MW बिजली का उत्पादन

इको टूरिज्म को बढ़ावा

4th SAAF CHAMPIONSHIP 2025 का आयोजन

# हेमन्त सरकार के प्रथम वर्षगांठ पर चयनित हजारों अभ्यर्थियों का नियुक्ति पत्र वितरण समारोह

**28 नवंबर, 2025**
**अपराह्न 12:15 बजे से**
**मोरहाबादी मैदान, रांची**

स्कैन करें और इस समारोह के सहभागी बनें!



**अध्यक्षता**
**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

**सम्मानित अतिथि**

| | | |
|---|---|---|
| **श्री राधा कृष्ण किशोर** माननीय मंत्री | **श्री दीपक बिरुवा** माननीय मंत्री | **श्री चमरा लिण्डा** माननीय मंत्री |
| **श्री संजय प्रसाद यादव** माननीय मंत्री | **श्री इरफान अंसारी** माननीय मंत्री | **श्री हफीजूल हसन** माननीय मंत्री |
| **श्रीमती दीपिका पाण्डेय सिंह** माननीय मंत्री | **श्री योगेन्द्र प्रसाद** माननीय मंत्री | **श्री सुदिव्य कुमार** माननीय मंत्री |

**श्रीमती शिल्पी नेहा तिर्की**
माननीय मंत्री

हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

PR NO - 367265 (IPRD)

## खबर संक्षेप

### टाटा पावर इन्गोट व वेफर संयंत्र पर करेगी निवेश



**भुवनेश्वर।** टाटा पावर कंपनी लिमिटेड की ओडिशा में 10,000 करोड़ रुपये के निवेश से 10 गीगावाट क्षमता का इन्गॉट एवं वेफर विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने की योजना है। इन्गॉट एवं वेफर सौर सेल और मॉड्यूल के साथ-साथ सेमीकंडक्टर चिप के उत्पादन में उपयोग किए जाने वाले प्रमुख कच्चे माल हैं।

### गोदरेज उद्योग को मांग दिखी तो निवेश करेगा

**मुंबई।** उद्योगपति जमशेद गोदरेज ने कहा कि उद्योग तभी निवेश करेगा जब उसे मांग दिखेगी और उन्होंने अर्थव्यवस्था में मांग पैदा करने के उपायों पर जोर दिया। कारोबार के कई उपायों की जरूरत है। ये टिप्पणियां ऐसे समय में आई हैं जब सुस्त निजी पूंजी व्यय के बारे में व्यापक चिंताएं हैं, जो अर्थव्यवस्था में विकास के एक अच्छे चक्र को शुरू कर सकता है। बातचीत में कहा, 'चाहे वह निजी हो या सार्वजनिक निवेश, यह सब मांग से प्रेरित होता है।

### सेबी चेयरमैन पांडेय निवेशक जागरूकता संगोष्ठी में बोले

# निवेशक सुरक्षा को मजबूत करना नियामक की होगी प्रमुख प्राथमिकता : सेबी प्रमुख

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने बृहस्पतिवार को निवेशकों की सुरक्षा को मजबूत करने की जरूरत बताई। उन्होंने आगाह किया कि गैर-पंजीकृत सलाहकार समूह, लोगों को असुरक्षित कारोबारी माध्यमों की ओर आकर्षित कर रहे हैं और इसलिए अवैध कारोबार के मामले नए डिजिटल प्रारूपों में फिर से सामने आ रहे हैं।

कोयंबटूर में बीएसई द्वारा आयोजित एक क्षेत्रीय निवेशक जागरूकता संगोष्ठी में पांडेय ने कहा कि इस दौर में जहां गलत सूचनाएं तथ्यों से अधिक तेजी से प्रसारित होती हैं। यह चुनौती और भी बढ़ गई है। कारोबार संबंधी धोखाधड़ी वाले ऐप विश्वसनीय लगते हैं, डिजिटल खाते वैधता का दिखावा करते हैं और पक्के रिटर्न का वादा करने वाली ऐसा योजनाएं पेश करते हैं जो कोई भी विनियमित बाजार नहीं दे सकता।

#### अवैध कारोबार के मामले डिजिटल में ज्यादा

बाजार नियामक के प्रमुख ने खतरे की गंभीरता को दोहराते हुए कहा कि ऐसे " गैर-पंजीकृत सलाहकार समूह, लोगों को असुरक्षित व्यापारिक मंचों की ओर आकर्षित करते हैं और इसलिए अवैध कारोबार के मामले नए डिजिटल प्रारूपों में फिर से सामने आ रहे हैं।"

*निवेशक खातों को फ्रीज व ब्लॉक कर सकते हैं :* *यह समझाते हुए कि धोखाधड़ी की गतिविधि बिना किसी चेतावनी के हो सकती है निवेशक अब स्वेच्छा से अपने लेनदेन के खातों को 'फ्रीज' या 'ब्लॉक' कर सकते हैं। यह ठीक वैसे ही है जैसे 'हैक' किए गए डेबिट कार्ड को 'ब्लॉक' किया जाता है। यह विकल्प तत्काल सुरक्षा प्रदान करने के लिए बनाया गया है।*





- गैर-पंजीकृत सलाहकार असुरक्षित कारोबारी माध्यमों की ओर कर रहा आकर्षित
- अवैध कारोबार के मामले नए डिजिटल प्रारूपों में सामने आ रहे
- गलत सूचनाएं तथ्यों से अधिक तेजी से प्रसारित होती है

*यूपीआई आईडी पर ही किए जाएं* *सेबी ने इन प्रयासों के तहत यूपीआई से जुड़ा एक मान्य ढांचा पेश किया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि भुगतान केवल सेबी-पंजीकृत मध्यस्थों को प्रामाणिक यूपीआई आईडी पर ही किए जाएं। बाजार नियामक ने जांच सुविधा का भी विस्तार किया गया है जिससे निवेशक 'सेबी इन्वेस्टर' वेबसाइट और सारथी मोबाइल ऐप पर बैंक खातों की वास्तविकता की तुरंत पुष्टि कर सकते हैं।*

#### *अवसर की आड़ में धोखे न खाए*

*पांडेय ने कहा कि अवैध कारोबार के मामले कोई छिटपुट घटनाएं नहीं हैं बल्कि निवेशकों के विश्वास, जिज्ञासा और आकांक्षाओं का फायदा उठाने के समन्वित प्रयास हैं। इसलिए यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि लोग 'अवसर की आड़ में धोखे' का शिकार न हों।*

#### *इंटरनेट मंचों के साथ संपर्क बढ़ा दिया है*

*पांडेय ने कहा कि इसके अनुरूप विनियमित संस्थाओं को सोशल मीडिया पर अनियमित सलाहकारों के साथ जुड़ने की अनुमति नहीं है जिससे झूठे दावों व हानिकारक पेशकशों के प्रसार को रोकने में मदद मिलेगी। बाजार नियामक सेबी ने इस महीने की शुरुआत में घोषणा की थी कि उसने प्रमुख सोशल मीडिया और इंटरनेट मंचों के साथ संपर्क बढ़ा दिया है। साथ ही उनसे धोखाधड़ीपूर्ण निवेश-संबंधी सामग्री के खिलाफ सुरक्षा उपायों को मजबूत करने का आग्रह किया है।*

#### *सेबी ने स्पॉट ए स्कैम टूल पेश किया*

*सेबी ने लोगों को संदिग्ध योजनाओं की पहचान करने में और अधिक सहायता करने के लिए 'स्पॉट ए स्कैम टूल' पेश किया है जो उपयोगकर्ताओं को ऑनलाइन प्रामाणिकता सत्यापित करने में मदद करता है। पांडेय ने बताया कि सेबी ने पिछले 18 महीनों में मेटा, गूगल, टेलीग्राम और एक्स सहित सोशल मीडिया एवं सर्च मंचों पर गैरकानूनी या भ्रामक ऑनलाइन सामग्री के एक लाख से अधिक मामलों को चिह्नित किया है।*

# एटी ज्वेलर्स के 68वें वर्षगांठ पर गोल्ड-डायमंड ज्वेलरी पर 6,800 रुपए तक की बचत



**रायपुर।** शहर में इस बार ब्लैक फ्राइडे गोल्डन फ्राइडे के रूप में खासा चर्चा में है। सदर बाज़ार स्थित अनोपचंद तिलोकचंद (एटी) ज्वेलर्स ने अपने 68वें वर्षगांठ के अवसर पर ग्राहकों के लिए आकर्षक ऑफर की घोषणा की है। वर्ष 1957 से भरोसे, शुद्धता और उत्कृष्ट कारीगरी के लिए प्रसिद्ध इस प्रतिष्ठित ज्वेलरी हाउस ने गोल्ड और डायमंड ज्वेलरी पर प्रति 10 ग्राम तक 6,800 रु की विशेष छूट देने का ऐलान किया है। इसे सीजन की सबसे बड़ी और सबसे किफायती पेशकशों में से एक माना जा रहा है।

### सोने और हीरे की खरीदारी में बढ़ता उत्साह

दिवाली और विवाह सीजन के बाद भी सोने एवं हीरे की खरीदारी में लगातार उत्साह बना हुआ है। ऐसे में यह गोल्डन फ्राइडे ऑफर ग्राहकों को बेहतरीन डिजाइन, उच्च गुणवत्ता और विश्वसनीय कीमत पर खरीदारी का एक बेहतरीन मौका प्रदान कर रहा है। स्टोर में उपलब्ध राजवाड़ा, टेंपल और क्लासिक कलेक्शंस पर विशेष रूप से ग्राहकों की जोरदार प्रतिक्रिया मिल रही है, जो पारंपरिक और आधुनिक डिज़ाइन का शानदार मिश्रण पेश करते हैं।

### सीमित अवधि के लिए विशेष गोल्डन फ्राइडे सेल

एसबी बाय एटी ज्वेलर्स के डायरेक्टर्स सौरभ बरड़िया एवं सिद्धार्थ बरड़िया ने बताया कि यह गोल्डन फ्राइडे सेल 26 से 30 नवंबर तक सीमित अवधि के लिए आयोजित किया गया है। उनके अनुसार, इस दौरान खरीदारों को मार्केट रेट की तुलना में काफी अधिक बचत का लाभ मिलेगा। स्टोर में ग्राहकों की सुविधा और आराम के लिए विशेष इंतज़ाम किए गए हैं, ताकि वे अपनी पसंद की ज्वेलरी सहजता से चुन सकें।

# पाथ आईएएस एकेडमी का छात्रों के लिए इंटीग्रेटेड क्लासरूम प्रोग्राम



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सीजीपीएससी) के हालिया परिणामों ने पाथ आईएएस एकेडमी को राज्य में अधिकारी निर्माण के मजबूत केंद्र के रूप में फिर साबित कर दिया है। विशेष रूप से एकेडमी के इंटीग्रेटेड क्लासरूम प्रोग्राम ने इस बार अभूतपूर्व सफलता का प्रदर्शन किया है। इस प्रोग्राम में शामिल छात्रों ने कम प्रयासों में उल्लेखनीय रैंक हासिल की, जबकि लंबे समय से तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को पाथ की कठोर टेस्ट सीरीज और व्यक्तिगत मेंटरिंग से निर्णायक बढ़त मिली।

इंटीग्रेटेड क्लासरूम प्रोग्राम की खासियत इसका गहन और व्यवस्थित पाठ्यक्रम है, जिसमें हर शनिवार मंचीय प्रस्तुतियों के माध्यम से छात्रों के व्यक्तित्व विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है। यह अभ्यास उन्हें इंटरव्यू के दौरान आत्मविश्वास और स्पष्ट अभिव्यक्ति का लाभ देता है।इस वर्ष पाथ के एकीकृत कोर्स के छात्रों ने शानदार परिणाम दिए। जिसमें कनक प्रभा(रैंक 41), श्रुति गुप्ता(रैंक 43), श्रुति साहू(रैंक 132), रशील श्रीवास्तव(रैंक 120) और कृष्णा राठौर(रैंक 129) इसके प्रमुख उदाहरण हैं। वहीं एक-वर्षीय क्लासरूम प्रोग्राम के छात्रों राजेश कुमार साहू (रैंक 183) और शाची चंद्राकर (रैंक 192) ने भी अपनी सफलता से शिक्षण की गुणवत्ता को सिद्ध किया। सागर वर्मा (रैंक 10) और वैभवी साहू (रैंक 17) जैसी सफलताओं ने यह स्पष्ट कर दिया है कि पाथ आईएएस एकेडमी का इंटीग्रेटेड क्लासरूम प्रोग्राम न सिर्फ ज्ञान देता है, बल्कि छात्रों को परीक्षा के हर चरण के लिए आत्मविश्वासी और सक्षम बनाता है।

# रिकॉर्ड ऊंचाई पर जाने के बाद सेंसेक्स और निफ्टी हल्की बढ़त के साथ बंद

एजेंसी ▶▶| मुंबई

वैश्विक रुझानों और विदेशी कोषों की लिवाली के बीच घरेलू शेयर बाजारों के प्रमुख सूचकांक बृहस्पतिवार को अपने सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंचने के बाद मामूली बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में 111 अंक और निफ्टी में 10 अंक की तेजी रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 110.87 अंक यानी 0.13 प्रतिशत चढ़कर 85,720.38 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स एक समय 446.35 अंक उछलकर 86,055.86 के अपने रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया था। सेंसेक्स का पिछला उच्चतम स्तर 27 सितंबर, 2024 को 85,978.25 अंक रहा था। निफ्टी भी कारोबार के अंत में 10.25 अंक यानी 0.04 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 26,215.55 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय निफ्टी 105.15 अंक उछलकर 26,310.45 अंक के अपने सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। निफ्टी का पिछला उच्चतम स्तर 27 सितंबर, 2024 को 26,277.35 अंक रहा था। यह शेयर बाजार में तेजी का लगातार दूसरा दिन रहा। बुधवार को सेंसेक्स में 1,022.50 अंक और निफ्टी में 320.50 अंक की बड़ी तेजी देखी गई थी।

# अब फलों के मुकाबले कुरकुरे आसानी से उपलब्ध

एजेंसी ▶▶| मुंबई

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसीपीएम) के चेयरमैन एस महेंद्र देव ने बुधवार को कहा कि कुरकुरे जैसे प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ ग्रामीण इलाकों में भी फलों और सब्जियों की तुलना में ज्यादा आसानी से उपलब्ध हैं। उन्होंने लोगों के लिए स्वस्थ खाद्य उत्पादों का बाजार विकल्प सुनिश्चित करने की जरूरत बतायी। महेंद्र देव ने कहा कि उद्योग को इस पहलू पर गौर करने और यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि देश के लोगों को स्वस्थ उत्पाद उपलब्ध हों। उन्होंने आगाह किया कि अगर हम इस मुद्दे को नजरअंदाज करते हैं, तो प्रसंस्कृत खाद्य और पेय पदार्थों के अत्यधिक सेवन से हमें मोटापे जैसी समस्याओं से जूझना पड़ेगा।



*शहरी इलाकों में 25 फीसदी से ऊपर उपयोग*

*पीएमईएसी के चेयरमैन ने आधिकारिक सर्वेक्षणों का हवाला देते हुए कहा कि प्रसंस्कृत खाद्य और पेय पदार्थों का ग्रामीण इलाकों में भी अब खाद्य उपभोग में 21 प्रतिशत हिस्सा है। वहीं शहरी इलाकों में यह केवल 25 प्रतिशत से ऊपर होगा।*

HMS शिव साईटिका तेल
शिव सायटिका
सिरप, कैप्सूल व ऑयल उपलब्ध है
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डियों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
HMS देखकर खरीदें
असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
94060-21769

## बिजनेस साइट

# एरीज एग्रो लिमिटेड ने धूमधाम से मनाया 56वां स्थापना दिवस



**रायपुर।** एरीज एग्रो लिमिटेड ने इस वर्ष अपने स्थापना के 56 वर्ष पूरे कर लिए। कंपनी 27 नवंबर 1969 को स्थापित हुई थी। कंपनी के सीएमडी डॉ राहुल मिरचंदानी के दिशा-निर्देश में पूरे भारत-वर्ष में स्थापना दिवस मनाया गया। समारोहों की औपचारिक शुरुआत कंपनी के सेंट्रल रिजन वाइस प्रेसिडेंट डीके तिवारी द्वारा की गई।

### देशभर में सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन

स्थापना दिवस के अवसर पर कंपनी द्वारा देशभर में सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ में भी कई महत्वपूर्ण गतिविधियां संपन्न हुईं। 'आनंदम' कार्यक्रम के तहत डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर, रतनपुर महामाया मंदिर तथा कुसमी फैक्ट्री में भोजन प्रसादी वितरण किया गया। इसके अलावा ब्लड डोनेशन कार्यक्रम और वृद्धाश्रम में भी सहायतार्थ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके साथ ही कुसमी फार्म में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय नागरिकों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### कुसमी फार्म में ड्रोन तकनीक और उत्पाद प्रदर्शनी ने खींचा ध्यान

कंपनी ने स्थापना दिवस पर किसानों और डीलरों के लिए तकनीकी प्रदर्शन भी आयोजित किया। कुसमी फ़ार्म में एरीज एग्रो के विभिन्न उत्पादों की प्रोडक्ट डिस्प्ले लगाई गई तथा ड्रोन तकनीक का लाइव डेमो किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से अवगत कराना और कंपनी के उत्पादों की उपयोगिता को बेहतर तरीके से समझाना था।

# एआईप्लस ने लांच किया लैपटेब

**रायपुर।** भारत में सबसे तेज़ी से बढ़ते टेक्नोलॉजी ब्रांड एआईप्लस ने गुरुवार को 'एआईप्लस लैपटैब' लांच किया। एक नई श्रेणी का स्मार्ट डिवाइस, जो लैपटॉप की उत्पादकता और टैबलेट की पोर्टेबिलिटी को एक साथ जोड़ता है। भारत के हाइब्रिड जेनरेशन-सीखने वालों, क्रिएटर्स और प्रोफेशनल्स-की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया यह लैपटैब तीन साइज़ में उपलब्ध होगाः 11", 12" और 13", तथा इसके साथ कीबोर्ड और स्टायलस सपोर्ट भी मिलेगा। यह 2026 के पहले क्वॉटर से फ्लिपकार्ट और एआईप्लस के रिटेल पार्टनर्स के माध्यम से पूरे देश में उपलब्ध होगा। यह लांच एआईप्लस के दूसरे बड़े हार्डवेयर एक्सपेंशन को दर्शाता है, इससे पहले एआईप्लस स्मार्टफोन ने छह महीनों में 1 मिलियन यूज़र्स का आंकड़ा पार कर मार्केट में अपनी मज़बूत पहचान बनाई थी। इसके साथ ही एआईप्लस ने भारत के स्वदेशी टेक इकोसिस्टम में एक महत्वपूर्ण स्थान हासिल किया है।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

अहलूवालिया हॉस्पिटल
81031 28515, 0771-4050006
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर

Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
सभी प्रकार की एलर्जी • जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
डेंटल सुविधा भी उपलब्ध
छाती रोग • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना • पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क : 8962566221, 07714916125, 7223065604

निवेद चेस्ट & आई केयर
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयॉथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्ट्डी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनॉपैथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

सुधा सूरज फर्टिलिटी केयर
डॉ. सूरज कुमार चौधरी MD (Physician, Pathology)
डॉ.सुधा अग्रवाल चौधरी MBBS, MS (OBG) FRM स्त्री रोग विशेषज्ञ, इंफर्टिलिटी कंसल्टेंट
• पुरुष और महिला बांझपन परीक्षण • आईवीएफ, आईयूआई, पीसीओएस, सोनोग्राफी, • सभी पैथोलॉजी परीक्षण (रक्त, मूत्र, मल और वीर्य विश्लेषण) • गर्भवती महिला एवं गर्भाशय की सोनोग्राफी (टीवीएस, डॉपलर 3डी, 4डी)
C-81, VIP Estate, Opposite Ashoka Ratan Gate No.2, Shankar Nagar, Raipur, Mob. 63549 65797, 95120 44488

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑम्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

NMH निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल 24/7 Emergency Services
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
ओपीडी 50% Off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

पाइल्स क्षारसूत्र विशेषज्ञ
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
25 वर्षों का अनुभव
11000 से ऊपर सफल चिकित्सा
फाफाडीह / पंडरी, रायपुर, मो. 9039050422

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

दक्षिण अफ्रीका और भारत के बीच वनडे सीरीज का पहला मैच रांची में 30 को

# टेस्ट में शर्मनाक हार के बाद वनडे सीरीज में लय पर लौटने टीम इंडिया बहा रही पसीना

एजेंसी ▸▸ रांची

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच टेस्ट सीरीज खत्म होने के बाद अब वनडे सीरीज खेली जाएगी। टेस्ट सीरीज में शर्मनाक हार के बाद भारतीय टीम वनडे सीरीज में अपनी इज्जत बचाने जी-जान से जुट गई है। इसकी तैयारी के लिए गुरुवार को टीम इंडिया ने रांची में प्रैक्टिस की। इस दौरान पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली नेट्स पर बल्लेबाजी करते नजर आए। उनके अलावा तिलक वर्मा और ऋतुराज गायकवाड भी नेट्स में पसीना बहाया। तीन मैचों की वनडे सीरीज का पहला मुकाबला 30 नवंबर को रांची के जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। इसके बाद टी-20 सीरीज 9 दिसंबर से शुरू होगी।



### वनडे सीरीज के लिए भारत का स्क्वॉड

केएल राहुल (कप्तान और विकेटकीपर), रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, तिलक वर्मा, ऋतुराज गायकवाड, ऋषभ पंत (विकेट कीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), नीतीश रेड्डी, रवींद्र जडेजा, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह.

### रोहित और कोहली ने नेट्स पर की बैटिंग

रोहित शर्मा और विराट कोहली करीब 9 महीने बाद भारत में इंटरनेशनल मैच खेलते नजर आएंगे। दोनों ने इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी बार फरवरी में घरेलू मैदान पर वनडे सीरीज खेली थी। फिर दुबई में चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद दोनों ने पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया में सीरीज से इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी की थी। दोनों ही खिलाड़ी टेस्ट और टी-20 से रिटायर हो चुके हैं।

### राहुल कप्तानी करेंगे इंजर्ज गिल बाहर

वनडे टीम की कप्तानी विकेटकीपर केएल राहुल संभालेंगे। रेगुलर कप्तान शुभमन गिल इंजरी की वजह से सीरीज से बाहर हैं। राहुल तीनों फॉर्मेट में भारत की कप्तानी कर चुके हैं। उन्होंने 2023 में आखिरी बार साउथ अफ्रीका के खिलाफ ही टीम की वनडे में कप्तानी की थी, जिसमें भारत को 8 विकेट से हार मिली थी। उन्होंने 12 वनडे में टीम की कप्तानी की है। 8 में भारत को जीत और 4 में हार मिली।

# अजलन शाह कप : सेल्वम के गोल से भारत ने न्यूजीलैंड को दी शिकस्त

एजेंसी ▸▸ इपोह

आखिरी क्वार्टर में सेल्वम कार्ति के विजयी गोल की मदद से भारत ने सुल्तान अजलन शाह कप हॉकी के महत्वपूर्ण मैच में बृहस्पतिवार को न्यूजीलैंड को 3-2 से हराया। भारत ने कल मेजबान मलेशिया को 4-3 से मात दी थी। भारत के लिये अमित रोहिदास (चौथा मिनट), संजय (32वां), सेल्वम (54वां) ने गोल दागे जबकि न्यूजीलैंड के लिये जॉर्ज बेकर (42वां और 48वां) ने दो गोल किये। भारत को अब शनिवार को कनाडा से खेलना है।



### न्यूजीलैंड को नहीं होने दिया हावी

न्यूजीलैंड ने शुरूआती मिनटों में मिडफील्ड में दबदबा बनाने की कोशिश की लेकिन भारतीय डिफेंडरों ने उन्हें मौका नहीं दिया। भारत को पहला मौका चौथे मिनट में पेनल्टी कॉर्नर के रूप में मिला जिस पर अनुभवी रोहिदास ने गोल कर दिया। भारतीय टीम एक और गोल करने के करीब थी लेकिन अभिषेक का शॉट कीवी गोलकीपर ने बचा लिया।

### संजय, पवन, सेल्वम ने दागे गोल

दूसरे क्वार्टर में न्यूजीलैंड को एक पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन भारतीय डिफेंस बेहद चौकस था। भारत ने दूसरे हाफ में कप्तान संजय के पेनल्टी कॉर्नर पर किये गए गोल के दम पर बढत दुगुनी कर ली। न्यूजीलैंड को मिले दो पेनल्टी कॉर्नर बेकार गए। पवन ने गोल के सामने बेहतरीन प्रदर्शन किया लेकिन उनकी एकाग्रता टूटने का फायदा उठाकर बेकर ने 42वें मिनट में न्यूजीलैंड के लिये गोल कर दिया।

## नागल ऑस्ट्रेलियाई ओपन के वाइल्ड कार्ड प्लेऑफ टूर्नामेंट से बाहर



चेंग्दू (चीन)। पुरुष एकल में भारत के शीर्ष टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल गुरुवार को यहां क्वार्टर फाइनल में चीन के युनचाओकेटे बु से सीधे सेटों में हारकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन एशिया-पैसिफिक वाइल्ड कार्ड प्ले-ऑफ टूर्नामेंट से बाहर हो गए। टूर्नामेंट में छठी वरीयता प्राप्त नागल को शीर्ष वरीयता प्राप्त चीनी प्रतिद्वंद्वी से 2-6, 2-6 से हार का सामना करना पड़ा। चेंग्दू में 24 से 29 नवंबर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में पुरुष और महिला एकल के विजेता को ऑस्ट्रेलियाई ओपन में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश मिलेगा।

## एफआईएच जूनियर विश्व कप में भारत का पहला मुकाबला आज चिली से



**चेन्नई।** टूर्नामेंट के इतिहास में संयुक्त रूप से दूसरी सबसे सफल टीम मेजबान भारत आज शुक्रवार को यहां पुरुष जूनियर हॉकी विश्व कप के अपने पहले पूल मैच में चिली के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करके नौ साल बाद घरेलू धरती पर खिताब हासिल करने के अपने अभियान का शानदार आगाज करने की कोशिश करेगा। दो बार के चैंपियन भारत ने पिछली बार 2016 में लखनऊ में वर्तमान में सीनियर महिला टीम के कोच हरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में यह टूर्नामेंट जीता था।

## क्रिकेट बाद में...दोस्ती पहले, स्मृति के लिए जेमिमा ने छोड़ी बीबीएल



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्टार खिलाड़ी और हाल ही में वर्ल्ड कप जीत में अहम भूमिका निभाने वालीं जेमिमा रोड्रिग्स वुमेंस बिग बैश लीग 2025 के बाकी बचे सीजन में हिस्सा नहीं लेंगी। उनकी फ्रेंचाइज़ी ब्रिसबेन हीट ने पुष्टि की है कि जेमिमा भारत में ही रहेंगी ताकि अपनी करीबी दोस्त स्मृति मंधाना और उनके परिवार को मुश्किल समय में सहयोग दे सकें। स्मृति के मैनेजर तुहिन मिश्रा ने इसकी पुष्टि की। इस घटना के बाद जेमिमा ने ऑस्ट्रेलिया वापस न जाने और भारत में रहने का फैसला किया।


## आधिपत्य सूचना

HDFC BANK

### एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड

शाखा : अलास्का टॉवर, लोधीपारा रोड, शंकर नगर, रायपुर

Tel: 0771-4243149/240 CIN L65920MH1994PLC080618 Website: www.hdfcbank.com

जबकि एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी (पूर्ववर्ती एचडीएफसी लिमिटेड का दिनांक 17 मार्च 2023 के आदेश के तहत माननीय एनसीएलटी–मुंबई द्वारा अनुमोदित सम्मेलन की एक योजना के आधार पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ विलय हो गया है) (एचडीएफसी), प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत वित्तीय संपत्ति और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ('उक्त अधिनियम') और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए धारा 13(2) के तहत डिमांड नोटिस जारी किए गए। उक्त अधिनियम के तहत, निम्नलिखित उधारकर्ताओं/कानूनी उत्तराधिकारियों और कानूनी प्रतिनिधियों से आव्हान किया गया है कि वे अपने संबंधित नामों के सामने उल्लेखित राशि का भुगतान उक्त नोटिस में उल्लेखित लागू दरों पर ब्याज सहित करें। उक्त नोटिस/नोटिस की तारीख से 60 दिन, आकस्मिक खर्च, लागत, शुल्क आदि भुगतान और/या वसूली की तारीख तक।

| क्रं. | ऋणी (ओं) के नाम/ कानूनी वारिस (ओं) एवं कानूनी प्रतिनिधि (यों) | बकाया राशि* | मांग सूचना की दिनांक | आधिपत्य दिनांक | अचल संपत्ति (यों) का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | **श्री विश्वकर्मा गौतम**, खसरा 1400/3(भाग) पुराना, 1400/90, प.ह.नं.14/19ए, ब्लॉक एवं रा.नि.मं. दुर्ग–1, मौजा कुरूद, तहसील एवं जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़ 490024. **श्री विश्वकर्मा गौतम**, वार्ड 28, 72/बी.एल.आई.ए. छावनी, रुखमणी धर्म काटा के बगल, शिवा टिम्बर ट्रेडर्स छावनी, प्लॉट नं.– 72/बी.एल.आई.ई.भिलाई, छत्तीसगढ़, 490023. **श्री विश्वकर्मा गौतम**, मै. गौतम फर्नीचर, प्लॉट नंबर 72, बी.एल.आई.ए., छावनी चौक, भिलाई छत्तीसगढ़ 490023. **श्रीमती उर्मिला**, खसरा 1400/3(भाग) पुराना, 1400/90, प.ह.नं.14/19ए, ब्लॉक एवं आर.एन.एम. दुर्ग–1, मौजा कुरूद, तहसील एवं जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़ 490024. **श्रीमती उर्मिला**, वार्ड 17,72/बी, शिवा टिम्बर ट्रेडर्स, छावनी आई.ई.भिलाई, रुखमणी धर्म काटा, दुर्ग – छत्तीसगढ़, 490023. | ₹ 18,47,870/- दिनांक 31 जुलाई 25* तक | 30-अगस्त-25* | 24-नवं.-2025 (सांकेतिक कब्जा) | समस्त भाग एवं आंशिक भाग की संपत्ति जिसका खसरा 1400/3(भाग) पुराना, प.ह.नं. 14, मौजा कुरूद, तहसील दुर्ग, जिला दुर्ग, ब्लॉक एवं रा.नि.मं.. दुर्ग–1, दुर्ग छ.ग. |
| 02. | **श्री सिंह रमेश कुमार**, पिता शेष नाथ सिंह, क्यूआर–23/34, 7वीं बटालियन, कातुल बोर्ड, भिलाई, एस.ए.एफ. लाइन्स भिलाई – दुर्ग, छत्तीसगढ़, 491226. **श्री सिंह रमेश कुमार**, पुलिस अधीक्षक, कार्यालय अधीक्षक, पुलिस विभाग, पुलिस रेडियो कार्यालय भिलाई, जोन सेक्टर 06 - भिलाई, छत्तीसगढ़ 490006. **श्रीमती सिंह नीता**, पति रमेश कुमार सिंह, मकान नंबर 24/34, 7वीं बटालियन, कातुल बोड़, एस.ए.एफ. लाइन्स, वार्ड नंबर 58, एस.ए.एफ. लाइन्स भिलाई, दुर्ग, छत्तीसगढ़, 491226. | ₹ 9,32,610/- दिनांक 31 जुलाई 25* तक | 30-अगस्त-25* | 24-नवं.-2025 (भौतिक कब्जा) | समस्त भाग एवं आंशिक भाग वाली प्लॉट–बी20, चौहान बिजनेस पार्क, फेज–1, स.क्र. 248/1, ग्राम–खपरी, प.ह.नं. 11, रा.नि.मं.–दुर्ग 1, तहसील एवं जिला– दुर्ग छ.ग. |
| 03. | **श्री जायसवाल शुभम**, यूनिट–एलआईजी–II/2089, औद्योगिक क्षेत्र, स.क्र., हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, पावर हाउस, दुर्ग, छत्तीसगढ़ 491001. **श्री जायसवाल शुभम**, मेसर्स श्याम इलेक्ट्रिकल्स एंड इलेक्ट्रॉनिक्स, प्लॉट नंबर 14, सिलतरा, फेज़ 1, बिलासपुर बाईपास रोड, बीरगांव, रायपुर, छत्तीसगढ़ 493221. **सुश्री जायसवाल श्वेता**, यूनिट–एलआईजी–II/2089, औद्योगिक क्षेत्र, स.क्र., हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, पावर हाउस, दुर्ग, छत्तीसगढ़ 491001. **सुश्री जायसवाल श्वेता**, मै. श्वेता जायसवाल, द्वारा–मै. श्याम इलेक्ट्रिकल्स, प्लॉट नंबर 14, सिलतारा फेज़ I, रायपुर, छत्तीसगढ़ 493221. | ₹ 22,78,598/- दिनांक 31 जुलाई 25* तक | 30-अगस्त-25* | 24-नवं.-2025 (सांकेतिक कब्जा) | समस्त भाग एवं आंशिक भाग की संपत्ति, यूनिट–एलआईजी–II/2089, औद्योगिक क्षेत्र, भिलाई, वार्ड क्रमांक 26, खं.नं. 1347, प.ह.नं.–19, रा.नि.मं.–दुर्ग 1, हाउसिंग बोर्ड, छावनी बोर्ड, औद्योगिक क्षेत्र, छ.ग. हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, भिलाई, तह. एवं जिला– दुर्ग छ.ग. |
| 04. | **श्री मोटवानी मनीष**, यूनिट–23, रहेजा होम्स (प्लॉट), स.क्र., 134/1, 135/1-2, 162, 163/3,164/1-2, 209/4-5-17, प.ह.नं. 109/41; ग्राम–दलदल सिवनी ; तह. एवं जिला–रायपुर, छत्तीसगढ़–492015. **श्री मोटवानी मनीष**, फ्लैट 201 ब्लॉक ए, दूसरी मंजिल, डॉल्फिन इम्प्रेस, मोवा, रायपुर छत्तीसगढ़, 492014. **श्री मोटवानी मनीष**, श्री गणेश स्टोर्स, बालाजी टावर, स्टेशन रोड, रायपुर, छत्तीसगढ़ 492009. **श्रीमती मोटवानी साक्षी**, यूनिट–23, रहेजा होम्स (प्लॉट), स.क्र., 134/1, 135/1-2, 162, 163/3,164/1-2, 209/4-5-17, प.ह.नं. 109/41; ग्राम–दलदल सिवनी ; तह. एवं जिला–रायपुर, छत्तीसगढ़–492015. **श्रीमती मोटवानी साक्षी**, फ्लैट 201, ब्लॉक ए, दूसरी मंजिल, डॉल्फिन इम्प्रेस, मोवा, रायपुर छत्तीसगढ़, 492014. **श्रीमती मोटवानी साक्षी**, श्री गणेश स्टोर्स, बालाजी टावर, स्टेशन रोड, रायपुर, छत्तीसगढ़ 492009. | ₹ 24,49,791/- दिनांक 31 जुलाई 25* तक | 30-अगस्त-25* | 25-नवं.-2025 (सांकेतिक कब्जा) | समस्त भाग एवं आंशिक भाग की संपत्ति, यूनिट–23, रहेजा होम्स (प्लॉट), खसरा क्र., 162, 163/3(भाग), प.ह.नं. 41; रा.नि.मं.–रायपुर 7, विकासखंड–धरसीवा, कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड क्रमांक 26, ग्राम–दलदल सिवनी; तहसील एवं जिला – रायपुर, छ.ग. |
| 05. | **श्री मोटवानी मुकेश**, यूनिट–19, रहेजा होम्स (प्लॉट), स.क्र., 134/1, 135/1-2, 162, 163/3,164/1-2, 209/4-5-17, प.ह.नं. 109/41; ग्राम–दलदल सिवनी ; तह. एवं जिला–रायपुर, छत्तीसगढ़–492015. **श्री मोटवानी मुकेश**, फ्लैट नं. 401, चौथा फ्लोर, मेन रोड, डॉल्फिन इम्प्रेस, मोवा, रायपुर छत्तीसगढ़, 492014. **श्री मोटवानी मुकेश**, श्री गणेश स्टोर्स, बालाजी टावर, स्टेशन रोड, रायपुर, छत्तीसगढ़ 492009. **श्रीमती मोटवानी भाविका**, यूनिट–19, रहेजा होम्स (प्लॉट), स.क्र., 134/1, 135/1-2, 162, 163/3,164/1-2, 209/4-5-17, प.ह.नं. 109/41; ग्राम–दलदल सिवनी ; तह. एवं जिला–रायपुर, छत्तीसगढ़–492015. **श्रीमती मोटवानी भाविका**, फ्लैट नं. 401, चौथा फ्लोर, मेन रोड, डॉल्फिन इम्प्रेस, मोवा, रायपुर छत्तीसगढ़, 492014. **श्रीमती मोटवानी भाविका**, अंब्रेला ट्रेडिंग, बालाजी टावर, स्टेशन रोड, रायपुर, छत्तीसगढ़ 492009. | ₹ 30,11,126/- दिनांक 31 जुलाई 25* तक | 30-अगस्त-25* | 25-नवं.-2025 (सांकेतिक कब्जा) | समस्त भाग एवं आंशिक भाग की संपत्ति, यूनिट–19, रहेजा होम्स (प्लॉट), स.क्र., 163/3(भाग), प.ह.नं. 109/41; रा.नि.मं.–रायपुर 7, ग्राम– दलदल सिवनी; तह. एवं जिला– रायपुर छ.ग. |

*भुगतान और/या वसूली की तारीख तक लागू अतिरिक्त ब्याज, आकस्मिक व्यय, लागत, शुल्क आदि के साथ।

हालाँकि, चूँकि ऊपर उल्लेखित उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी और कानूनी प्रतिनिधि देय राशि चुकाने में विफल रहे हैं, इसलिए ऊपर उल्लेखित उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारियों और कानूनी प्रतिनिधियों को विशेष रूप से और सामान्य रूप से जनता को नोटिस दिया जाता है कि एचडीएफसी के प्राधिकृत अधिकारियों ने धारा 13(4) के तहत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए ऊपर वर्णित अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति(यों) पर कब्ज़ा कर लिया है। उक्त अधिनियम ऊपर उल्लेखित तिथियों पर उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पढ़ा जाता है।

विशेष रूप से ऊपर उल्लेखित उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी और कानूनी प्रतिनिधि और सामान्य रूप से जनता को आगाह किया जाता है कि वे उपरोक्त अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति (संपत्तियों) के साथ लेनदेन न करें और उक्त अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति (संपत्तियों) के साथ कोई भी लेनदेन एचडीएफसी के बंधक के अधीन होगा।

उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि का ध्यान सुरक्षित संपत्ति को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा 8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

निकाले गए पंचनामा और बनाई गई सूची की प्रतियां अधोहस्ताक्षरी के पास उपलब्ध हैं और उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधियों से अनुरोध है कि वे सामान्य कार्यालय समय के दौरान किसी भी कार्य दिवस पर अधोहस्ताक्षरी से संबंधित प्रति प्राप्त करें।

एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड के लिए वास्ते
प्राधिकृत अधिकारी

स्थान–रायपुर, दुर्ग
दिनांक : 28 नवम्बर 2025

रजिस्टर्ड ऑफिस : एच.डी.एफ.सी. बैंक हाऊस, सेनापती बापत मार्ग, लोअर परेल (पश्चिम), मुम्बई–400013





The product shown may vary from the actual product available in the market. Accessories shown may not be part of the standard equipment.

Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office: Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) 122050, India; Website: www.honda2wheelersindia.com; Customer Care: customercare@honda.hmsi.in

हौंडा अधिकृत विक्रेता : रायपुर : ए सिटी होंडा – 9785823333, ग्रैंड होंडा – 0771–4033794, वरूण होंडा – 0771–4005901, जी.के. होंडा – 8058254444, आरंग: वी श्री होंडा – 9893728947, भिलाई: आन होंडा (पॉवर हाऊस): 0788–4013336, 9584378238, जुनवानी रोड (फरीद नगर मैदान के सामने) – 6269092899, नंदिनी रोड (बैंक ऑफ बडौदा के पास) – 6269090005, हाऊसिंग बोर्ड (एकता चौक) 6269090006, कोहका (रूंगटा रोड) 6269090004, नेहरू नगर (नेहरू नगर चौक) 8518020999, दुर्ग: श्री सांईराम होंडा (स्टेशन रोड) – 0788–4017246, 8458882333, रिसाली (कृष्णा टाकीज रोड) – 0788–4067690, 8823050333, बोरसी (एसबीआई बैंक के पास) – 0788–4058968, 8823050444, राजनांदगांव: अंशदीप होंडा – 07744–223100, मनराज होंडा – 07744–223333, महासमुंद: श्री आर्यन होंडा – 9425204997, दल्लीराजहरा: श्री शुभ होंडा – 7587764225, 9406082344, बालोद (गंजपारा)– 9425564232, बलौदा बाजार: किरण होंडा – 7049518181, कवर्धा: प्रथा होंडा– 7400550099, बेमेतरा : श्री रामा होंडा – 7824222521, धमतरी: श्री श्याम होंडा– 07722–233255, जगदलपुर: वाहेगुरू होंडा – 8435090001, कोंडागांव: दंतेश्वरी होंडा– 8517909999, कांकेर : शिवनाथ होंडा – 9644059600, 8720008800, 7970005301 For Bulk / Institutional enquiries, please write us at : institutionalsales@honda2wheelersindia.com Embassy

# विरासत

**छत्तीसगढ़ के महापुरुषों की गौरवगाथा**

बस्तर, प्रकृति ने धरती के इस अनूठे हिस्से का अपने हाथों से श्रृंगार किया। सजाया और संवारा। मनमोहिनी छठा, खूबसूरत नजारें, प्राकृतिक संसाधनों का अकूत खजाना। लेकिन सब कुछ होते हुए भी बस्तर और बस्तरिया पहचान को निर्दयता से रौंदा गया। दिल्ली और भोपाल से चली विकास की लहर और वादें यहां कभी क्रियान्वित नहीं हो पा रहे थे। आदिवासी भाईयों के साथ साथ हो रहे भेदभाव को दूर करने एक ऐसे जननेता की इस धरा को दरकार थी जो यहां की नब्ज समझ सके। बस्तर और बस्तर की जरूरतों को समझा जननेता बलिराम कश्यप ने। इनकी जनसेवा और बस्तर के लिए कर गुजरने की ललक ने इन्हें बस्तरिया जनमानस के बीच आदरणीय बनाया लोगों ने बेपनाह प्यार दिया साथ ही नाम भी दिया 'बलि दादा'।

# बस्तर के विकास पुरुष बलिराम कश्यप


बलिराम कश्यप

## महादेव के घर बलिराम जन्मे



11 मार्च 1936 को बस्तर के भानपुरी में पिता महादेव कश्यप और माता राधीबाई कश्यप के यहां बलिराम जी का जन्म हुआ। कृषक परिवार में जन्मे बलिराम ने मैट्रिकुलेशन के बाद एंग्लो इंडियन स्कूल कोंडागांव में आगे की पढ़ाई की। मैट्रिकुलेशन के बाद शिक्षक की नौकरी की। 10 मार्च 1958 को मानकी कश्यप के साथ विवाह हुआ। कश्यप दंपति को चार बेटे, तीन बेटियां हुई दिनेश कश्यप, स्व चंद्रशेखर कश्यप, केदार कश्यप, स्व तानसेन कश्यप, वहीं बेटियां राधामनी कश्यप, स्व चंद्रमणि कश्यप, कुसुम कश्यप, स्व तीरती कश्यप थे।



## बेटे तानसेन की हत्या से असहनीय वेदना

वर्ष 2009 में बलिदादा के दोनों बेटों तानसेन और दिनेश पर नक्सलियों ने बस्तर में घात लगाकर हमला कर दिया था। इस हमले में तानसेन की मौत हो गई थी। जबकि दिनेश गंभीर रूप से घायल हुए थे। तानसेन को बलिदादा बहुत स्नेह करते थे। तानसेन के असामयिक निधन ने उन्हें पीड़ा पहुंचाई। अपने लाड़ले बेटे के विछोह को वे सह नहीं पाए। ये दुख उन्हे अंदर ही अंदर परेशान कर रहा था।





### उतार चढ़ाव भरा राजनीति का सफर

राजनीति में आने के बाद बलिराम जी ने 1967 में पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ा लेकिन असफल रहे। इसके बाद 1971 में लोकसभा चुनाव का लड़ा इसमें भी हार का सामना करना पड़ा। 1971 के चुनाव की खास बात थी कि इस चुनाव में बलिराम जी जनसंघ से एकमात्र दलीय प्रत्याशी थे। बाकी सभी निर्दलीय प्रत्याशी थे। कांग्रेस पार्टी चुनाव मैदान में प्रत्याशी नहीं उतार पाई 1972 में पहली बार बलिराम जी विधायक चुने गए। इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा और लगातार पांच बार जगदलपुर और भानपुरी सीट से विधायक चुने जाते रहे। इस बीच सांसद बनने का सपना पूरा करने का भी उनका प्रयास लगातार जारी रहा। विधायक रहते हुए 1984 में एक बार फिर लोकसभा चुनाव में उतरे, लेकिन इस बार भी जनता ने साथ नहीं दिया। 1967 से 1993 के बीच वह प्रदेश की राजनीति में सक्रिय रहे। इस बीच दो बार लोकसभा का चुनाव लड़ा, लेकिन संसद की सीढ़ी चढ़ने का उनका सपना पूरा हो सका। 1993 में विधानसभा चुनाव में हार के बाद उन्होंने प्रदेश की राजनीति छोड़ दी और कह दिया कि अब कभी विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। 1996 के लोकसभा चुनाव में पार्टी ने टिकट नहीं दी, लेकिन वह चुप रहे। पार्टी के पास उनके कद का कोई नेता नहीं था। उन्होंने भी कह दिया था कि चुनाव लड़ूंगा तो लोकसभा का ही। उन्होंने अपनी इच्छा पार्टी के शीर्ष नेता अटल बिहारी वाजपेयी को भी बता दी थी। 1998 के लोकसभा चुनाव में पार्टी ने उन्हें टिकट दी और वह चुनाव जीतकर पहली बार सांसद बने और संसद की सीढ़ी चढ़ने का उनका सपना पूरा हो गया। इसके बाद बलिराम जी लगातार चार बार सांसद रहे।

## सरकारी नौकरी को छोड़ चुनी जनसेवा की डगर

शिक्षक रहने के दौरान बलिराम जी को घटिया राजनीति का शिकार होना पड़ा। एक ही दिन में तीन तबादले होने के बाद उन्होने शिक्षक की नौकरी छोड़ना ठीक समझा और राजनीति के जरिए समाजसेवा करने का संकल्प लिया। बस्तर के विकास में बाधा आने पर दिल्ली हो या भोपाल वे किसी से नहीं डरते थे। विधायक और सांसद रहते हुए बस्तर के विकास के लिए ज्यादा से ज्यादा फंड मिले और क्षेत्र को सरकारी योजनाओं का लाभ मिले इसी बात पर जोर दिया। जनता से जुड़ाव और संपर्क बनाए रखने में बलिराम दादा का कोई तोड़ नहीं था। दूरस्थ गांवों में बसे कार्यकर्ताओं और लोगों को वे नाम से जानते थे। अगर कोई शिकायती पत्र या ज्ञापन देकर जाता था तो वे कार्यकर्ताओं के जरिए फीडबैक लेते थे कि समस्या का निराकरण हुआ या नहीं। उन्होने कभी संसाधनों का कमी का रोना नहीं रोया। ऐसे ग्रामीण क्षेत्र जहां पहुंचना आसान नहीं होता था ऐसी जगहों में जाने में कभी संकोच नहीं किया। अगर गाड़ी या कार नहीं जा पाई तो पैदल ही ना जाने कितने गांवों तक जाकर संपर्क किया। समय की पाबंदी और अनुशासन को लेकर बलिदादा दूसरे राजनेताओं से काफी अलग थे। कार्यक्रमों के आयोजक यदि कार्यक्रम का समय नौ बजे देते थे तो उससे 15 मिनट पहले ही बलि दादा पहुंच जाते थे। कार्यक्रमों में जाने के दौरान जनसंपर्क के लिए भी वे पूरा समय देते थे। सघन जनसंपर्क के दौरान कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर भोजन बली दादा के लिए सामान्य बात थी। बस्तर के विकास के लिए बली दादा ने हमेशा दलगत भावना से ऊपर उठकर काम किया। बस्तर के विकास के लिए नीति निर्माण के लिए जब विचार होता था तो कांग्रेस के नेता भी दलगत भावना से ऊपर उठकर बलिराम जी से विचार विमर्श करते थे।





अपने बस्तर दौरे में हर बार प्रधानमंत्री मोदी बलिराम जी कश्यप का जिक्र करते हैं। अपने भाषणों में प्रधानमंत्री बताते है कि बस्तर में रहकर वे बलिराम कश्यप के साथ चुनावी बैठक किया करते थे। मोदी जी उन दिनों बस्तर के अंदरुनी इलाकों में जाकर कार्यकर्ताओं के साथ सीधा संवाद करते थे उस दौरान उनके साथ बलिराम कश्यप जी रहा करते थे। पीएम मोदी अक्सर बस्तर गोयल धर्मशाला में रुकते थे। बताया जाता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की घनिष्ठता बलिराम कश्यप से सबसे ज्यादा बस्तर संभाग के दौरे के दौरान ही बढ़ी थी।


पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी के साथ बलि दादा


पूर्व उप प्रधानमंत्री आडवाणी जी के साथ बलि दादा


पूर्व मुख्यमंत्री सुंदरलाल पटवा के साथ एक कार्यक्रम में


बस्तर के स्थानीय नेताओं के साथ कश्यप जी

## अपने चाहने वालों को रुला गए बलि दादा

गुर्दें और फेफड़ों में इन्फ़ेक्शन होने के बाद बलि दादा को रायपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों ने उन्हे वेंटिलेटर पर रखा लेकिन हालत बिगड़ती चली गई। आखिरकार 10 मार्च 2011 की सुबह 3 बजकर 11 मिनट पर बस्तर का ये सच्चा जनप्रतिनिधि हजारों लाखों चाहने वालों को छोड़कर चला गया। बलिदादा के निधन का समाचार फैलते ही पूरे बस्तर सहित छत्तीसगढ़ में शोक छा गया। आदिवासी समाज ने अपना सच्चा रहनुमा खो दिया।



### 10 तारीख का विचित्र संयोग

बलिदादा का निधन अपने 75 वें जन्मदिन के एक दिन पहले हुआ था यह भी अजीब संयोग है कि उनका विवाह 1955 में 10 मार्च को हुआ था। 10 मार्च को ही उनका निधन हुआ। बली दादा अंतिम समय तक यह इच्छा व्यक्त करते थे कि ने अपने लोकसभा क्षेत्र बात्तर में जनता के बीच काम करते रहे।



**जनता के दुख दर्द और उसकी जरुरतों को समझने वाला ही वास्तविक जननेता कहलाता है। बलिराम जी ने अपना पूरा जीवन जनता के सर्वांगीण विकास और कल्याण के लिए समर्पित कर दिया। जनता के ऐसे सच्चे सेवक को हमारा शत शत नमन।**

inh न्यूज
शुक्रवार रात 7.55 बजे

### बलीराम कश्यप जी बस्तर की आत्मा थे

कश्यप जी सही मायनों में बस्तर की आत्मा थे। उनकी सादगी, विनम्रता और, संघर्ष हमेशा ये सिखाते है कि सच्चा नेतृत्व वहीं जो अतिम व्यक्ति के जीवन में बदलाव लाए, हम उनके दिखाए रास्ते पर चलकर छत्तीसगढ़ और बस्तर के विकास के लिए काम करते रहेंगे।

-डॉ. रमन सिंह, विधानसभा अध्यक्ष, छत्तीसगढ़

### आदिवासी समाज के गौरव थे बलि दादा

बहुत ही फौलादी व्यक्तित्व के धनी और जनप्रिय नेता थे। बस्तर के टाइगर के रूप में जाते थे और ऐसा मैं ट्राइबल लीडर्स में बहुत कम देख पाया हूं। बस्तर के दूरस्थ गांवों तक बसे आदिवासी भाइयों के हितों के काम किया। वे आदिवासी समाज के गौरव है। मुझे उनके जीवन से और इनको कार्यों से बहुत कुछ सीखने को मिला है।

-रामविचार नेताम, कृषि मंत्री

### बस्तर की आवाज को दिल्ली तक पहुंचाया

बलिराम कश्यप जी बस्तर संभाग के भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं के लिए राजनीतिक अभिभावक के रूप में माने जाते हैं। उन्होंने बस्तर की आवाज को दिल्ली तक पहुंचाने में निर्णायक भूमिका निभाई। मंत्री, सांसद और वरिष्ठ नेता के रूप में उनका सशक्त मार्गदर्शन प्रेरणा का स्रोत रहा है।

-किरण सिंह देव, प्रदेश अध्यक्ष छग बीजेपी

### बस्तर के शेर थे बलिराम कश्यप जी

निर्भीक, निडर और बेबाक। वे ऐसे वक्ता थे जो सच को सच कहने से कभी नहीं डरते थे। उन्हें जो गलत लगता था, चाहे वह किसी भी व्यक्ति या पद के खिलाफ क्यों न हो, वे बिना झिझक खुलकर बोल देते थे। मुझे सौभाग्य मिला कि लगभग 20 से 25 वर्षों तक उनके साथ काम करने का अवसर मिला। उन वर्षों में मैंने न सिर्फ उनका नेतृत्व देखा, बल्कि उनकी स्पष्टवादिता, जनता के प्रति समर्पण और बस्तर के लिए उनकी लड़ाई को बेहद करीब से महसूस किया।

-बृजमोहन अग्रवाल, सांसद रायपुर

### पिताजी सरल, सहज और सज्जन स्वभाव के व्यक्ति थे

पिताजी बलिराम कश्यप अत्यंत सरल, सहज और सज्जन स्वभाव के व्यक्ति थे। वे किसी भी प्रकार की गलती या अन्याय को सहन नहीं करते थे, चाहे वह किसी भी व्यक्ति द्वारा क्यों न किया गया हो। लोगों को न्याय दिलाने के लिए वे हमेशा दृढ़ता से खड़े रहते थे। उनका स्वभाव इतना मिलनसार था कि हर कोई सहज होकर अपनी समस्याए उनके सामने रख देता था। वे सभी की बातें धैर्य से सुनते थे और बिना किसी भेदभाव के मदद करते थे। अपने सिद्धांतों, ईमानदारी और निष्पक्षता के कारण वे सभी के प्रिय और सम्मानित थे।

-केदार कश्यप, छोटे पुत्र, वन मंत्री

### बस्तर के कोहिनूर थे हमारे पिता जी

बलिराम कश्यप दूर की सोच रखने वाले, दूरदर्शी नेता थे। बस्तर के कोहिनूर कहलाते थे। स्कूटी पर बैठकर उनके साथ घूमने के दिन आज भी याद आते हैं। पिताजी के स्वभाव में जरा-सा भी घमंड नहीं था वे बेहद सरल, सहज और सबके बारे में सोचने वाले व्यक्ति थे। लोगों की समस्याओं को अपनी जिम्मेदारी मानते थे और हमेशा समाधान ढूंढने की कोशिश करते थे। उनके अंदर सेवा का भाव इतना गहरा था कि कोई भी उनसे मिलकर खुद को अपना सा महसूस करता था।

-दिनेश कश्यप, बड़े पुत्र पूर्व सांसद, बस्तर

### हर कार्यक्रम में हमेशा आधा घंटा पहले पहुंच जाते थे

बलिराम कश्यप जी ने कभी भी जनता को इंतजार नहीं करवाया। वे हर कार्यक्रम में हमेशा आधा घंटा पहले पहुंच जाते थे। उनके व्यक्तित्व में स्पष्टवादिता कूट-कूट कर भरी थी जो सोचते थे, वही निर्भीकता से कहते भी थे। बस्तर की समस्याओं और वहां के लोगों की तकलीफों को लेकर वे हमेशा गंभीर रहे। दिल्ली में भी उन्होंने बस्तर की आवाज को मजबूती से उठाया और कई महत्वपूर्ण कार्य करवाए। बस्तर के विकास के लिए उनकी प्रतिबद्धता और दूरदर्शिता आज भी लोगों के दिलों में बसी हुई है।

-शक्ति सिंह बलिदादा के सहयोगी

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com